
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 घबराई और उलझी सी थीं अनन्या, कुछ...

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में... 12

गाजियाबाद, बुधवार 14 मई 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 68, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, 2 और के फंसे होने की आशंका

**शोपियां (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। आतंकियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। जबकि अभी 2 आतंकियों के फंसे होने की खबर है। सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों ओर से घेर रखा



है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों के अनुसार, एक आतंकी को मार गिराया गया है, अभी इलाके में दो से तीन आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है। बता दें शोपियां में आज ही पहलगाम हमले में शामिल 3 पाकिस्तानी आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं। इन पर 20 लाख रुपए के इनाम रखा गया है। इसी बीच अब शोपिया में ये मुठभेड़ की खबर सामने आ रही है।

### टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे विराट कोहली,पत्नी अनुष्का भी साथ


**वृंदावन (आरएनएस)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं।

इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

2023 में, दंपति ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। इससे पहले, दोनों ने उत्तराखंड में नीम करोली बाबा आश्रम, कैंची धाम की आध्यात्मिक यात्रा की।

विराट के टेस्ट रिटायरमेंट का फैसला तब आया जब यह बताया गया कि कोहली ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने फैसले के बारे में बता दिया है।

2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में भारत के लाल गेंद के



पुनरुत्थान की आधारशिला रहे हैं। उनकी आक्रामक कप्तानी, शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ तीव्रता ने भारत को घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर एक मजबूत टेस्ट टीम में बदलने में मदद की है।

वह ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद कुल मिलाकर 40 जीत के साथ चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद चौथे सबसे सफल भारतीय बल्लेबाज बनाते हैं। कोहली ने सात टेस्ट दोहरे शतक भी बनाए, जो किसी भारतीय द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। उनके नाम किसी भारतीय कप्तान द्वारा सबसे अधिक टेस्ट शतक भी हैं, जबकि गावस्कर (11 शतक) उनके 20 शतकों से काफी पीछे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 36 वर्षीय कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे मैचों में खेलेंगे।

# पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के पोस्टर जारी, सुरक्षाबलों ने तेज की कार्रवाई, 20 लाख का रखा इनाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई तेज कर दी है। इस हमले में शामिल तीन आतंकियों के पोस्टर जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें पहचानने और पकड़ने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकियों को जल्द से जल्द उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा झ यही भारत की प्रतिबद्धता है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने संबोधन में दोहरा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी



को इनकी पहचान या ठिकाने की जानकारी हो तो वह तुरंत सुरक्षाबलों को सूचित करे। इस अभियान का उद्देश्य न केवल आतंकियों की धर-पकड़ है, बल्कि आतंक के खिलाफ जनसहयोग को भी मजबूत करना है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन इलाके में पाकिस्तानी आतंकियों ने पर्यटकों पर घातक हमला कर दिया था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर करारा प्रहार किया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर मिसाइल, ड्रोन और फाइटर जेट से हमला करने की कोशिश की। भारतीय सेना की सख्त एयर डिफेंस प्रणाली ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। हमले के बाद भारत ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए। जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय दबाव और भारत के रुख के कारण घुटनों पर आना पड़ा और शांति की अपील करनी पड़ी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू हुआ। अनंतनाग पुलिस ने ऐलान किया है कि हमले में शामिल आतंकियों की जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। जानकारी देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

यदि आपके पास कोई महत्वपूर्ण जानकारी है, तो आप नीचे दिए गए नंबरों या ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं:

अनंतनागः 9596777666।

## श्रद्धांजलि अर्पित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुंबई लोकल ट्रेन के फुटबोर्ड पर लटकीं दिखी महिलाएं, चिल्लाईं-'हाथ छूट रहा है



**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई की 'लाइफ लाइनझ कही जाने वाली लोकल ट्रेन की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ महिलाएं जान को खतरे में डालकर चलती ट्रेन के गेट और फुटबोर्ड से लटकी हुई नजर आ रही हैं। यह वीडियो मुंबई लोकल ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की भयावह स्थिति को दशार्ता है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेन के अंदर भारी भीड़ है और महिलाएं बाहर लटकी हुई हैं। कुछ महिलाएं मदद के लिए चीख-चिल्ला रही हैं। एक महिला को यह कहते सुना जा सकता है, "मेरा हाथ छूट रहा है, अंदर चलो।" लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि अंदर जाना संभव नहीं दिख रहा। एक अन्य लड़की कैमरे से बचने की कोशिश कर रही है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो कल्याण से चलने वाली लेडीज स्पेशल ट्रेन का है, जो उस दिन 40 मिनट की देरी से चल रही थी। ट्रेन लेट होने के कारण प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके चलते ट्रेन आने पर यह जानलेवा धक्का-मुक्की और भीड़ देखने को मिली। इस भयावह वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग रेलवे प्रशासन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल पूछ रहे हैं। यह स्थिति तब है जब

**मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2024 में भीड़ के चलते गिरकर मरने वालों की संख्या 2468 थी। इसके बावजूद यात्रियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं**

मुंबई की लोकल ट्रेनों में भीड़ या गिरने से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी चिंताजनक रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2024 में भीड़ के चलते गिरकर मरने वालों की संख्या 2468 थी। इसके बावजूद यात्रियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित, 88.39 फीसदी स्टूडेंट हुए पास

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं के नतीजे 2025 जारी हो गए हैं। परीक्षा में 88.39 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। इस साल 12वीं कक्षा में 16,92,794 ने परीक्षा में हिस्सा लिया था और उसमें से 14,96,307 स्टूडेंट पास हो गए हैं। इस वर्ष कुल मिलाकर 44 लाख से अधिक छात्रों ने बोर्ड परीक्षा दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च को समाप्त हुई थीं, जबकि कक्षा 12वीं की अंतिम परीक्षा 4 अप्रैल को आयोजित की गई थी। छ्वक्क्रस्श्व ने छात्रों को सूचित किया है कि स्टूडेंट्स अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट्स – पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र अपने डिजिटल मार्कशीट और प्रमाणपत्र को छ्वद्गद्गद्बरुशष्द्भद्गह्र ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड छात्रों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर स्नूरू भेजकर लॉगिन आईडी और एक्सेस कोड साझा करेगा, जिससे वे आसानी से लॉगिन कर सकते हैं। इसी के साथ,ऐप और सेवा के माध्यम से भी छात्र परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।





## बातचीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर के आदमपुर एयर बेस पर भारतीय वायुसेना के जवानों से बातचीत की।

## पाकिस्तानी लिंक वाले मौलाना के मदरसे पर चला बुलडोजर

**अमरेली (आरएनएस)।** गुजरात के अमरेली जिले में एक मौलाना के 'पाकिस्तानी लिंक सामने आने के बाद उसके द्वारा संचालित किए जा रहे एक मदरसे को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख के फोन से कई पाकिस्तानी कनेक्शन वाले वॉट्सऐप ग्रुप मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।

### अवैध निर्माण बताकर प्रशासन ने की कार्रवाई

अमरेली के डीएसपी पीआर राठौर ने बताया कि सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की जांच में पाया गया कि मदरसे के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। संचालक मदरसा जिस जमीन पर बना था, उसके स्वामित्व और निर्माण की वैधानिकता साबित करने में विफल रहा। इसके बाद प्रशासन ने मदरसे के भवन को अवैध मानते हुए गिराने का निर्णय लिया।

कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए मौके पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार, उन्हें किसी तरह के



विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद गुजरात पुलिस ने अमरेली से इस संदिग्ध मौलाना को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसके मोबाइल फोन में 7 संदिग्ध पाकिस्तानी और अफगानिस्तानी वॉट्सऐप ग्रुप पाए गए, जिससे उसके पाकिस्तानी कनेक्शन का खुलासा हुआ। पुलिस अब मौलाना से गहराई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह पाकिस्तान में किन लोगों के संपर्क में था और उसके मंसूबे क्या थे।

मौलाना मोहम्मद फजल अब्दुल अजीज शेख मूल रूप से अहमदाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है और वह अमरेली में मदरसा चला रहा था। इस मामले में धारी पुलिस स्टेशन में मौलाना के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

**फैसला** यह टिप्पणी एक सरकारी कर्मचारी को नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई

# हाईकोर्ट का अहम फैसला, बिना जांच नौकरी से निकालना 'मौत की सजा जैसा

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि नौकरी से बर्खास्तगी किसी कर्मचारी के लिए 'मौत की सजा के समान है। अदालत ने जोर देकर कहा कि केवल कारण बताओ नोटिस जारी करके किसी को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता, बल्कि इसके लिए उचित जांच प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। यह टिप्पणी एक सरकारी कर्मचारी को नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति विनीत कुमार माथुर की पीठ ने आरोप पत्र या अनुशासनात्मक जांच के बिना बर्खास्त किए गए एक शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक (पीटीआई) को बहाल करने का निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि सेवा से बर्खास्तगी का आदेश एक गंभीर कदम है और इसे निर्दोष व्यक्तियों को दंडित होने से बचाने के लिए पूरी तरह से निष्पक्ष और उचित जांच के बाद ही पारित किया जाना चाहिए।

**क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल, याचिकाकर्ता पीटीआई पर धोखाधड़ी से नौकरी हासिल करने का आरोप लगाते हुए उसे केवल एक कारण बताओ नोटिस के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। प्रशिक्षक ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि उसे बिना कोई आरोप पत्र जारी किए या कोई अनुशासनात्मक जांच किए नौकरी से निकाल दिया गया, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति वर्ष 2023 में हुई थी और 2024 में उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। राज्य सरकार ने याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए जवाब को संतोषजनक नहीं मानते हुए उसकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया था।



याचिकाकर्ता ने अदालत में तर्क दिया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान उसके द्वारा जमा किए गए सभी दस्तावेज वास्तविक थे और उसने कोई जालसाजी नहीं की थी। साथ ही, यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। इसके विपरीत, राज्य सरकार ने दलील दी कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में विसंगतियां पाई गईं थीं और प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि नौकरी धोखाधड़ी से हासिल की गई थी।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि सेवा समाप्त करने से पहले याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आरोप पत्र जारी नहीं किया गया और न ही कोई अनुशासनात्मक जांच शुरू की गई। केवल कारण बताओ नोटिस के आधार पर ही सेवा समाप्ति का कठोर कदम उठा लिया गया।

अदालत ने कहा, "मौजूदा मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, सेवा समाप्ति का आदेश मृत्युदंड जैसा है। इसलिए, निर्दोष व्यक्ति को दंडित होने से बचाने के लिए उचित जांच के बाद इसे पारित किया जाना चाहिए।"

कोर्ट ने आगे कहा, "इस न्यायालय की राय में प्रतिवादियों (राज्य सरकार) द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया सही नहीं है। बिना किसी जांच के प्रतिवादी इस निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा प्राप्त नियुक्ति जाली दस्तावेजों के बल पर है। केवल प्रतिवादियों द्वारा एकतरफा जांच करवाना और यह तथ्य पाना कि याचिकाकर्ता द्वारा नौकरी प्राप्त करते समय कुछ दस्तावेज धोखाधड़ी से प्रस्तुत किए गए हैं, याचिकाकर्ता की सेवाओं को खत्म करने के लिए प्रतिवादियों द्वारा अपनाया गया सही तरीका नहीं है।"

# द्वितीय अन्तर्जनपदीय हैंडबॉल कलस्टर(महिला/पुरुष) व बास्केट बॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिजर्व पुलिस लाइन में खेले गये मैच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** द्वितीय अन्तर्जनपदीय हैंडबॉल कलस्टर(महिला/पुरुष) व बास्केट बॉल प्रतियोगिता वर्ष-2025 मेरठ जोन, मेरठ प्रतियोगिता के दूसरे दिन बास्केटबॉल (पुरुष वर्ग) का मैच पहला मैंच मेरठ व बागपत के मध्य मैच खेला गया, जिसमे मेरठ ने बागपत को 08-02 से हराकर विजय प्राप्त की, एवं दूसार मैच क कमिश्नरेट गाजियाबाद व मुजफ्फरनगर के मध्य खेला गया जिसमें मुजफ्फरनगर ने गाजियाबाद को 10-08 से हारकर विजय प्राप्त की तथा प्रथम सेमीफाइनल मैच कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर व जनपद मुजफ्फरनगर के मध्य खेला गया जिसमें कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने जनपद मुजफ्फरनगर को 12-08 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद मेरठ व जनपद बुलंदशहर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बुलंदशहर ने जनपद मेरठ को 21-12 के अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बास्केटबॉल महिला वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद मेरठ व बुलंदशहर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद



मेरठ ने जनपद बुलंदशहर को 12-04 से हराकर जीत हासिल की तथा द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद हापुड व जनपद गाजियाबाद के मध्य खेला गया जिसमें कमिश्नरेट गाजियाबाद ने जनपद हापुड को 12-02 से हराकर जीत हासिल की। हैंडबॉल पुरुष वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद बुलंदशहर व जनपद गाजियाबाद के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बुलंदशहर ने कमिश्नरेट गाजियाबाद को 21-15 से हराकर जीत हासिल की व हैंडबॉल पुरुष वर्ग का द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद मेरठ व जनपद मुजफ्फरनगर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद मेरठ ने जनपद मुजफ्फरनगर को 12-07 से हारकर जीत हासिल की हैंडबॉल महिला वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल मैच जनपद मेरठ व जनपद हापुड के मध्य खेला गया जिसमें जनपद मेरठ ने जनपद हापुड को 08-05 अंको से हराकर जीत हासिल की हैंडबॉल महिला वर्ग का द्वितीय सेमीफाइनल मैच जनपद बुलंदशहर व कमिश्नरेट गाजियाबाद के मध्य खेला गया जिसमें कमिश्नरेट गाजियाबाद ने जनपद बुलंदशहर को 06-02 अंको से हराकर जीत हासिल की।

## हत्या का प्रयास करने के आरोपी को 05 वर्ष का कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत बुलन्दशहर पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना नरसैना पर वादी उमेश व उसके पिता पर जान से मारने की नियत से लाठी डंडो व हथौडे से वार कर गंभीर रुप से घायल करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-55/2022 धारा 323,504,506,308 भादवि के अभियुक्त धर्मवीर पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम भोलिया थाना नरसैना जनपद बुलन्दशहर को मा0 न्यायालय एडीजे 14/ स्पेशल ईसी एक्ट जनपद बुलन्दशहर द्वारा 05 वर्ष का कारावास व 12,000/- रुपये जुमार्ना से दण्डित किया गया।

## हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत बुलन्दशहर पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना खुर्जा नगर पर अपने गांव निवासी एक व्यक्ति अशोक की ईंट से वार कर हत्या करने सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-971/2018 धारा 302 भादवि के अभियुक्त मदन लाल पुत्र हरिराम सिंह निवासी ग्राम हिसूआ गढी थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-03 जनपद बुलन्दशहर द्वारा आजीवन कारावास व 20,000/- रुपये जुमार्ना से दण्डित किया गया।

# कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलंदशहर में ऐतिहासिक चिकित्सा उपलब्धि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 के अवसर पर एनआईसीयू, केएसजीएमसी बुलंदशहर नवजात शिशु देखभाल में एक





मील का पत्थर कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलंदशहर के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में हासिल किया गया, जहां जिले में पहली बार, गंभीर पीलिया से पीड़ित, केवल 1.5-1.6 किलोग्राम वजन वाले एक बहुत ही समय से पहले जन्मे शिशु पर सफलतापूर्वक संपूर्ण रक्त विनिमय आधान किया गया नवजात शिशु की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि बहुत खराब थी, और ऐसी गंभीर और महंगी प्रक्रिया निजी सेटअप में वहन करने लायक नहीं होती। हालांकि, प्रिंसिपल डॉ. मनीषा जिंदल के कुशल नेतृत्व, एचओडी डॉ. नेहा ठाकुर के विशेषज्ञ मार्गदर्शन और नोडल अधिकारी डॉ. अरुण के सहयोग से, समर्पित एनआईसीयू और ब्लड बैंक टीमों ने पूरी प्रक्रिया को बिना किसी जटिलता के पूरा किया, जिससे सावधानीपूर्वक निगरानी और सहायक देखभाल के माध्यम से बच्चे की स्थिरता सुनिश्चित हुई।

बच्चा अब अच्छी तरह से खा रहा है और लगातार बढ़ रहा है। डिस्चार्ज के दिन, माता-पिता ने बहुत आभार व्यक्त किया, यह कहते हुए कि सरकारी सुविधा में उपचार से उनकी उम्मीदें पूरी हुईं।

इस महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि को चिह्नित करने और अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में, प्रिंसिपल डॉ. मनीषा

### समय से पहले जन्मे नवजात शिशु में पहली बार सफलतापूर्वक संपूर्ण रक्त विनिमय किया गया

जिंदल, बच्चे की मां और एनआईसीयू स्टाफ की उपस्थिति में एनआईसीयू विभाग में केक काटने का समारोह आयोजित किया गया। डॉ. जिंदल ने एनआईसीयू टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की, बच्चे के स्वस्थ होने पर परिवार को बधाई दी और संस्थान में नवजात शिशु की देखभाल के लिए निरंतर उत्कृष्टता और समर्थन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की समारोह के एक हिस्से के रूप में, डॉ. ब्रजेंद्र सिंह ने एनआईसीयू कौशल पर एक नर्सिंग क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। विजेताओं को इस प्रकार सम्मानित किया गया

प्रथम पुरस्कारः नर्सिंग अधिकारी वर्षा और सुनील कुमार

द्वितीय पुरस्कारः नर्सिंग अधिकारी शोबी

तृतीय पुरस्कारः स्टाफ नर्स जैनब

डॉ. नेहा ठाकुर और डॉ. ब्रजेंद्र सिंह ने उनकी नैदानिक उत्कृष्टता और ज्ञान के सम्मान में पुरस्कार प्रदान किए।

इस कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. अजय पटेल, डीएमएस डॉ. संजय मिश्रा, ओएसडी डॉ. विनोद, डॉ. ममता, डॉ. क्राति, डॉ. पारुल, डॉ. अनुभव पांडे, एनआईसीयू इंचार्ज मोनिका जी और एनआईसीयू के सभी कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह महत्वपूर्ण अवसर न केवल बुलंदशहर में उन्नत नवजात देखभाल के एक नए युग का प्रतीक है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों की सेवा करने में सरकारी अस्पताल की करुणा, कौशल और टीम वर्क को भी उजागर करता है।

# भारत पाक संघर्ष में शहीद जवानों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत पाक संघर्ष में शहीद हुए अपने वीर जवानों और जान गवाने वाले अपने निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू पार्क चौक बाजार पर स्थित दीप जलाए गए और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर कांग्रेस देश पर जान कुर्बान करने वाले शहीदों को याद कर रही है और उन्हें नमन कर रही है। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों की वजह से ही देश सुरक्षित है अन्यथा सरकार का नेतृत्व कमजोर लोग कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आरपार की लड़ाई केंद्र सरकार को लड़नी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि देश आज




पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहा है।

शहर अध्यक्ष रवि लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, एसडी शर्मा और नरेंद्र चौधरी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरे देश को अपनी सेना पर गर्व है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, एसडी शर्मा, आदर्श देव शर्मा, हर्षवर्धन बाल्मिकी, मनीष चतुर्वेदी, मुनीर अकबर, कैफी फैसल, आशू कुरैशी, नाफे अंसारी, अब्दुल रहमान, सलीमुद्दीन सैफी, डॉ जहीर, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, सचिन वशिष्ठ खैरपुर, बसंत, खुर्शीद आलम राही, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

# विक्रम की हत्या का खुलासा: हत्या में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से आलाकत्ल दराती बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद ।** तीन दिन पूर्व विक्रम पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम टिटौटा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर का शव ग्राम कुदैना जयरामपुर के जंगल मे मक्का के खेत में मिला था। इस सम्बन्ध मे मृतक के भाई बोबी की तहरीर के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर मुअसं- 212/25 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1) बी0एन0एस0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट बनाम 1.विक्रम पुत्र जवरसिंह 2.अर्जुन पुत्र प्रंमोद 3.राहुल राणा पुत्र हरीश 4.रनदीप पुत्र ब्रजपाल सिंह 5.एक व्यक्ति अज्ञात समस्त निवासीगण ग्राम टिटौटा थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलन्दशहर पंजीकृत किया गया था उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु कई टीमो को लगाया गया था। जांच/छानबीन व तकनीकी माध्यम से अभियुक्त अंकित का नाम प्रकाश में आया है। विवेचना प्रचलित है। उक्त घटना के क्रम में थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा घटना में प्रकाश मे आये अभियुक्त अंकित पुत्र जबर





सिंह को गिरफ्तार किया गया हैं तथा अभियुक्त की निशादेही से आलाकत्ल दराती मक्का के खेत से बरामद कर ली गयी हैं।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना जहांगीराबाद पर पंजीकृत अभियोग मे धारा 4/25/27 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

हत्या का कारणः गिरफ्तार अभियुक्त अंकित कुमार ने बताया कि दिंनाक 09.05.2025 को वह अपनी स्कूटी पर शाम के समय अपने साथ विक्रम को लेकर शराब पीने के लिए गया था। हम दोनो ने मुल्लानी शराब के ठेका से श?ाब लेकर शराब पी, शराब के नशे में विक्रम ने उसे कहा कि बचपन में तेरा भाई मेरे साथ स्कूल में पढता था जिसको मैने कई बार मुर्गा बनाया व चप्पल से पीटा था। अब तू मेरी चप्पल उठा, मैने उसकी चप्पल उठाकर स्कूटी के पायदान पर रख दी तथा हम दोनो स्कूटी पर बैठकर गांव के लिए वापस चल दिये। रास्ते में विक्रम बचपन में मेरे भाई के साथ मारपीट करने की बात को बार-बार दोहराते हुए गाली गलौच करने लगा व स्कूटी से उतर कर गया। मेरे द्वारा उसे फिर स्कूटी पर बैठाया गया तथा गावं के लिए चल दिये। विक्रम द्वारा रास्ते में गाली गलौच व मेरी हसी/खिल्ली उडाते हुए कई बार स्कूटी रूकवायी गयी। उसके बाद हम पुनः स्कूटी पर बैठाकर बम्बे के रास्ते गाँव की ओर आने लगे अचानक विक्रम ने फिर से स्कूटी रोकने के लिए कहा जब मैने स्कूटी नही रोकी तो वह फिर गाली गलोज करने लगा इसके बाद मैने स्कूटी मक्का के खेत के किनारे रोक दी। जहां हम दोनो मे आपस मे गाली गलोज व धक्का मुक्की हुई जिसमें हम दोनो मक्का के खेत मे गिर गये, गिरने के बाद भी विक्रम गाली देता रहा तब मैने अपनी स्कूटी की डिग्गी से दराती निकालकर उसका गला रेत दिया और उस दराती को मैने उसी मक्का के खेत मे फेंक दिया और मौके से फरार हो गया।

## ठाकुरजी का छप्पन भोग का प्रसाद लगाया

# जहाँगीराबाद में धूमधाम से मना राधारमण लाल जू का 483 वां प्रकटोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर स्थित आरसी फार्म हाउस में राधारमण लाल जू का 483 वां प्रकटोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बृज भूमि से लेकर आस पास के क्षेत्र से हजारो भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा भी आदि ने राधारमण प्रकटाये, वृंदावन आनन्द छायो.., राधारमणा की अंखिया जादू कर गईं.., जाऊं बार बार बलिहारी मेरे रमनबिहारी की.., आदि भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने भी ठाकुरजी की सेवा में एक पद गाया। लगातार पांच घण्टे चले संकीर्तन में वहीं किन्नर समाज से आरती, अंजली,



मौजूद रहे।

सोमवार की शाम 6 बजे शुरू हुए राधारमण लाल के प्रकटोत्सव में जमकर आनन्द बरसा। कार्यक्रम के आयोजक परम रसिक सुमित गोयल, विक्की गोयल, शिवम सोनी आदि ने सभी आगंतुकों का पटका और माला पहनाकर स्वागत किया। नंद महल के सेवादार कृष्णा गोस्वामी, कान्हा गोस्वामी, ललित गोस्वामी, बरसाना से अवधेश गोस्वामी, राधारमण मन्दिर के सेवादार विकास गोस्वामी और आदित्य गोस्वामी शामिल हुए और ठाकुर जी की सेवा की। वहीं कार्यक्रम में शामिल नवनीत प्रियादास भक्तमाली, माधव बिहारीदास, तनुज गोस्वामी, ध्रुव लाड़ला, नीरव शर्मा, सुमित गोयल, विक्की गोयल, शिवम सोनी प्रिया आदि सहित क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने अतिथियों को छप्पन भोग का प्रसाद दिया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी, डॉ सूरजभान माहुर, बुद्धप्रकाश बंसल, मूलचंद बंसल, डॉ विकास गुप्ता, विनय अग्रवाल, पूनम बंसल, नीलम गोयल, लटूर सिंह, मोनू गर्ग, शकुंतला गोयल, श्वेता गोयल, संजना गोयल, मनु, लव, मोहित, प्रियंक, उदित, रामसरनदास बंसल, रामवतार बंसल, रजनी गर्ग, सुषमा मित्तल, रोली गोयल, पायल गोयल, अजय कौशिक, आदि सहित हजारो लोग मौजूद रहे।

# छात्र सांसद चुनाव शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मंगलवार को सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर और शहर में छात्र सांसद का चुनाव शांतिपूर्ण हुआ । चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह रहे। चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका में सामाजिक विज्ञान के आचार्य गजेंद्र कुमार मीणा विद्यालय के उप प्रधानाचार्य योगेश चंद्र गुप्ता, कोमल प्रसाद शर्मा, प्रवीण कुमार ,हरकेश कुमार मीणा, बृजेश कुमार तिवारी ,अशोक चौहान आदि पीठसीन अधिकारी की भूमिका में विजय कुमार शर्मा (ए0 टी0 एल0) हरिओम शर्मा तरुण कुमार रहे। विद्यालय की 1269 विद्यार्थियों में अपने मत का प्रयोग कर सभी प्रत्याशियों की किस्मत को मत पेट कम है बंद कर दिया है। चुनाव में विद्यालय की संपूर्ण कक्षाओं को ,10 क्षेत्रो में बांटा गया। दिल्ली से 17, प्रत्याशी, हरियाणा से 08 प्रत्याशी, मध्य प्रदेश से 10, प्रत्याशी राजस्थान से 12 प्रत्याशी, हिमाचल प्रदेश से 11



प्रत्याशी ,जम्मू कश्मीर से 09 उत्तर प्रदेश से14 प्रत्याशी ,पश्चिम बंगाल से 12 प्रत्याशी, तमिलनाडु से 07 प्रत्याशी बिहार बिहार से 14 प्रत्याशी छात्र सांसद चुनाव में अपनी किस्मत को आजमा रहे हैं ' छात्र सांसद चुनाव निर्वाचन अधिकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बताया कि छात्र सांसद चुनाव के नतीजे 14 मई 2025 को घोषित कर दिए जाएंगे।

# गोदाम से 1000 क्विंटल गेहूं किया जब्त,गेहूं की कालाबाजारी पर एसडीएम ने की छापेमारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** प्रशासन ने गेहूं की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम दीपक कुमार पाल के नेतृत्व में नगर के चैनपुरा चौराहे के पास स्थित एक व्यक्ति के गोदाम पर छापेमारी की गयी। छापेमारी में गोदाम से 1000 कुंटल से अधिक गेहूं बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान एसडीएम दीपक कुमार पाल के साथ शिकारपुर मंडी सचिव, मंडी निरीक्षक, और पीसीएफ के अधिकारी ,मौजूद रहे एसडीएम दीपक कुमार पाल ने मौके पर सभी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए एसडीएम ने बताया की कार्रवाई गेहूं की कालाबाजारी रोकने के लिए की गई है क्योंकि सरकारी खरीद अभी मानकों के अनुसार नहीं हो पा रही है।



## स्वागत | किसान, नौजवान और गरीब के साथ भाजपा ने किया धोखा : जियाउर्रहमान

# सिकंदराबाद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान का स्वागत, पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** संगठन सृजन के दौर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान मंगलवार को सिकंदराबाद पहुंचे और वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात कर कांग्रेस को मजबूत करने पर चर्चा की। सिकंदराबाद में वरिष्ठ नेता नितिन भटनागर के आवास पर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया और संगठन में सक्रिय और पुराने चेहरों को महत्व देने का सुझाव दिया।

जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि कांग्रेस को बूथ स्तर और नगर व ब्लॉक कांग्रेस को मजबूत करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान और गरीब के साथ भाजपा ने धोखा किया है। महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी से आम आदमी बेहाल है। उन्होंने कहा कि भाजपा से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लड़ रही है, लोगों को कांग्रेस से उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि देश और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस को सशक्त करना वक्त की जरूरत है। जियाउर्रहमान ने सभी से एकजुट होकर अपना अपना बूथ मजबूत करने और लोगों व पार्टी के लिए संघर्ष करने का आव्हान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, टुक्की मल खटीक और नितिन भटनागर ने कहा कि देश बचाने की लड़ाई में प्रत्येक कांग्रेसी



राहुल गांधी के साथ है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जनता बेहाल है और कांग्रे की ओर उम्मीद से देख रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता निगहत अब्बास ने कहा कि सुख दुख में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को सहयोग करेंगे और मान सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद विधानसभा के घर घर जाकर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। बैठक को सैयद आबिद अली, शकील अहमद, विजय स्वरूप रही, देव कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान , नितिन भटनागर, सुभाष गांधी, टुक्किमल खटीक, सैयद आबिद अली, शकील अहमद, विजय स्वरूप रही, देव कुमार शर्मा, तरन्नुम खान, हाजी फाजिल, इलियास, आदिल गाजी, सोहित निशंक, राजेंद्र प्रजापति, जाकिर अंसारी, इस्लाम मलिक, नसीम चौधरी, शाहिद खान, सादिक सैफी, महावीर सिंह, मजहर अली, अलीम खान, जगदीश सैनी, तारिक अनवर अल्वी आदि मौजूद रहे।

# अधिष्ठापन समारोह में नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ,भारत विकास परिषद गौरव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारत विकास परिषद गौरव का अधिष्ठापन समारोह होटल राजदरबार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महासचिव मुक्त अग्रवाल, प्रांतीय सचिव कविता बंसल प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता एवं महिला संयोजिका करुणा शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार,सचिव विजय गर्ग, कोषाध्यक्ष सजल गर्ग चुने गये। प्रांतीय सचिव ने सभी को देश और समाज सेवा की शपथ दिलाई। अनुराग गर्ग संजीव कुमार भीष्म आर्य मोहित आकाश धर्मेंद्र राणा राजीव अग्रवाल ललित गोयल आदि ग्यारह नवीन सदस्य बने



उनको भी शपथ दिलाई गई। सचिव रविन्द्र गोयल ने गत वर्ष की सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने गत वर्ष का आय-व्यय लेखा प्रस्तुत किया प्रांतीय महासचिव मुक्त अग्रवाल ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। तथा जन सेवा का आवाहन किया। इस अवसर पर अन्य शाखाओं से पधारे किशोर अग्रवाल डॉ देवेन्द्र कुमार राकेश गुप्ता नवीन गर्ग विजय अग्रवाल शिवशंकर अग्रवाल नंदकिशोर गोयल मंजू कंसल अशोक कंसल वर्षा गोयल आदि मौजूद रहे।

# सप्लाई का पानी नहीं तो बिल नहीं जमा करेंगे सेक्टर वासी पानी की सप्लाई की व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई: आलोक नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** प्राधिकरण लगातार पानी के बिल में बढ़ोतरी कर रहा है लेकिन पानी की सप्लाई की व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई गंगाजल शुरू होने के बाद भी पानी के लिए तरस रहे हैं सेक्टर निवासी सप्लाई का पानी नहीं तो बिल नही जमा करेंगे सेक्टर निवासी। ग्रेटर नोएडा की सेक्टर डेल्टा टू आर डब्लू ए महासचिव आलोक नागर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से शिकायत की है सेक्टर डेल्टा टू में वॉटर सप्लाई और प्रेशर की काफी समस्याएं आ रही है आए दिन की शिकायत रहने लगी है क्या? कारण है जो सप्लाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पानी की नहीं दे पा रहा है। गंगा जल भी चालू हो गया है उसके बावजूद भी सप्लाई का पानी प्रॉपर नहीं आ पा रहा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ऐसी स्थिति कभी नहीं हुई जो वर्तमान में है एक घंटे भी प्रॉपर तरीके से सप्लाई प्रेशर के साथ नहीं आ रही है जिससे सेक्टर वासी काफी परेशान हैं वर्तमान में पानी की बहुत समस्या है ऐसी गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं।

# प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में रचा नया इतिहास




बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फिर से नया इतिहास रचकर विद्यालय एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्यरत एवं प्रयासरत है,इसके फलस्वरूप विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में दिया शर्मा ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य शर्मा ने 98%, इशिता ने 97%, कीर्ति सिंह और दीक्षा शर्मा ने 96.6%, रजत कृष्ण गौड़ ने 96.4%, तथा नितिन मयंक ने 96% विदिशा ने(95.4%), दीपाली शर्मा ने (95%), निधि गोयल व खुशी ने (94.2%), हिमांशु चौधरी ने (94%),अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य छात्र-छात्राओं निधि शर्मा (93.8%), त्रिदेव महेश्वरी (93.6%), मयंक वशिष्ठ (92.6%), मुक्तेश्वरी (92.4%), अंशुमान (92.2%), संध्या, मनप्रीत तलान, ऋतिक, बादल चौधरी (91.6%), रिद्धिमा (91.4%), गौरव वशिष्ठ (91.2%), हर्ष (91.1%), शिवांगी, शुभ सिंघल (90.8%), श्रुति राय (90.6%) और भूमि शर्मा ने (89.7%) के साथ मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 28 छात्र-छात्राओं में विज्ञान वर्ग के छह, वाणिज्य वर्ग के 10 एवं मानविकी विभाग के 12 छात्र-छात्राओं ने 90 प्लस अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की इस गौरवशाली उपलब्धि में विज्ञान वर्ग से 6, वाणिज्य वर्ग से 10, एवं मानविकी वर्ग से 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली को प्रमाणित किया। परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही विद्यार्थियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्होंने अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया और इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय, शिक्षकों व अभिभावकों को दिया।

इस परीक्षा परिणाम से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओ ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। विद्यालय के अच्छे परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. हरीश कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या डा.दीप्ति शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

## केके पब्लिक स्कूल में कशिश जैन ने 97.4% व अंशिका जैन 95.8% अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया

# सीबीएसई परीक्षा का रिजल्ट घोषित, खुशी से खिले विद्यार्थियों के चेहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** सीबीएसई 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित होते ही मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रिजल्ट देखने के बाद छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाई।सभी ने स्कूल में अपने टीचर्स के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।वही के. के. पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 का रिजल्ट 98% रहा। साइंस वर्ग में कशिश जैन ने 97.4% अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।कॉमर्स वर्ग में क्षितिज जैन 97.6% पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 10 का रिजल्ट 100% रहा। जिसमें अंशिका जैन 95.8% अंक प्राप्त किया। सृष्टि 94.4% अंक प्राप्त किया। निश्चय बंसल 92.6% अंक प्राप्त किए। प्रबंधक सुशील कुमार, सचिव संजीव कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने सभी टॉपर्स छात्र-छात्राओं को मिठाई







प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने बच्चों को बधाई दी।इस अवसर पर स्कूल मैनेजर सुशील कुमार,सचिव संजीव कुमार व खिलाकर मुंह मीठा कराया तो सभी को बधाई देते हुए आगे भविष्य में और अच्छा करने की प्रेरणा दी।

# 2.50 करोड़ के 603 मोबाइल फोन बरामद, कंपनी के ड्राइवर समेत तीन गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए मूल्य के 603 मोबाइल फोन और एक तमंचा बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार, वीवो कंपनी के मोबाइल फोन लेकर जा रही कंटेनर से पिछले महीने 8 अप्रैल को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने चालाकी से ट्रक की सील तोड़कर मोबाइल फोन के कार्टन दूसरे ट्रक में ट्रांसफर कर दिए और फिर से सील लगाकर ट्रक को डिलीवरी प्वाइंट पर छोड़कर फरार हो गए।

इस घटना के सामने आने के बाद कंपनी की तरफ से पुलिस से इस वारदात की शिकायत की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने झट्टा रेलवे अंडरपास के पास दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीवो कंपनी का ट्रक ड्राइवर भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फरुर्खाबाद निवासी अरविंद दुबे, एटा जिला के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र निवासी अभिषेक चौहान और नई दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर एक्सटेंशन के रहने वाले सिमरन सैठी के रूप में की गई।

पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी किए गए मोबाइल फोन को नेपाल और बांग्लादेश में बेचने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक, 603 वीवो मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया है। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत 2.50 करोड़ रुपए है। फिलहाल, पुलिस बाकी चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दे रही है। यह कार्रवाई नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने की।

## बनैल की अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण

# गांव में साफ सफाई सहित कार्यालय अभिलेखों का किया अवलोकन, ग्राम पंचायत अधिकारी को दिया आवश्यक निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अपर जिला पंचायती राज अधिकारी (एडीपीआरओ) अनिल कुमार ने पहासू ब्लॉक के गांव बनैल में गौशाला सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं।



पहासू ब्लॉक के गांव बनैल पहुंचे अपर जिला पंचायती राज अधिकारी अनिल कुमार ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत सत्यपाल सिंह के साथ संयुक्त रूप से अस्थाई गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। गौशाला में पर्याप्त चारा, पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में तमाम व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली है। उसी क्रम में ग्राम पंचायत सचिवालय में पहुंचे एडीपीआरओ अनिल कुमार ने कार्यालय अभिलेखों का अवलोकन किया है। उसी क्रम में गांव की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। एडीपीआरओ अनिल कुमार ने कहा आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर पौधारोपण किए जाएंगे। पौधारोपण की व्यवस्था को देखते हुए गौशाल सहित अन्य स्थानों पर गड्ढे की खुदाई की जाए। जिससे समय से निर्धारित पौधारोपण किया जा सकेगा। इस मौके सचिव अभिलाष कुमार, पम्मी सिंह, विपुल शर्मा, नृपेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान पूजा देवी आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 10 और 12वीं का परिणाम हुआ घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के दो प्रमुख स्कूलों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन

- गढ़ क्षेत्र के होनहार छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम, मोनिश 97.3% और छवि ने 96.8% अंक पाकर किया स्कूल टॉप
- कक्षा 10 में प्रीत गोयल ने 97.9% और प्रत्यूष कुमार 97.2% ने अंक हासिल कर किया स्कूल टॉप

कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। सिंभावली स्थित आर.एस.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गढ़ के देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उच्च






अंक प्राप्त कर विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया।

आर.एस.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिंभावली के कक्षा 12 के छात्र मोनिश खान ने 97.3% और कक्षा 10 के प्रीत गोयल 97.9% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। उनकी इस शानदार सफलता पर विद्यालय निदेशक संदीप कुमार व प्रधानाचार्य श्रीमती ग्रीष्मा कपूर ने छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मोनिश ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।वहीं, गढ़ के देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 छात्रा छवि ने कला वर्ग में 96.8% और कक्षा 10 में प्रत्युष कुमार ने 97.2% अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी और प्रधानाचार्य मंजु चौधरी ने मिठाई बांटकर छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता के मुख्य सूत्र हैं।दोनों विद्यालयों में परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने इस सफलता को मिलकर मनाया। क्षेत्र के लोगों ने इन छात्र-छात्राओं की सफलता को प्रेरणास्त्रोत बताया।

**सम्मान**

## समाज में मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है : सौरभ सागर जी महाराज

# जीवन आशा अस्पताल के स्थापना दिवस पर कैंसर रोगियों के उपचार की होगी शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गंग नहर कावड़ मार्ग स्थित मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र में जैन मुनि सौरभ सागर सेवा संस्थान द्वारा संचालित जीवन आशा अस्पताल के छठे स्थापना दिवस पर अस्पताल द्वारा कैंसर के उपचार की सेवाएं आरंभ की जा रही हैं। यह स्थापना दिवस 20 मई को अस्पताल परिसर में ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके अलावा 15 मई से लेकर 20 मेई तक अस्पताल के विभिन्न रोगों के निशुल्क चिकित्सा विशेषज्ञ शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जीवन आशा अस्पताल में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान अस्पताल से जुड़े पदाधिकारी द्वारा पत्रकारों को दी गई। प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि सौरभ सागर सेवा संस्थान द्वारा संचालित जीवन आशा अस्पताल ने पिछले छह वर्षों में जनसेवा के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आगामी 20 मई को अस्पताल का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उसी दिन से अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए उपचार सेवाओं की शुरूआत भी की जा रही है, जो संस्थान की ओर से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया और सराहनीय कदम होगा।

**विकलांगजनों की सेवा में समर्पित अस्पताल**

जीवन आशा अस्पताल की पहचान एक चैरिटेबल हॉस्पिटल के रूप में है, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के इलाज और कृत्रिम अंगों के निर्माण व निःशुल्क वितरण के लिए समर्पित है। अस्पताल परिसर में ही आधुनिक तकनीक से इन-हाउस कृत्रिम अंग निर्माण यूनिट स्थापित की गई है, जहाँ दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार पैर, हाथ एवं अन्य अंगों की सुविधा दी जाती है। पिछले 6 वर्षों में अभी तक लगभग 5000 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं जिसमें बहुत से दिव्यांग होने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया.

**न्यूनतम शुल्क पर ओपीडी सेवाएं और**



**आगामी विस्तार योजनाएं**

अस्पताल में विभिन्न रोगों जैसे हड्डी रोग, नेत्र, दंत, श्वसन, बाल एवं स्त्री रोग, हृदय रोग आदि की ओपीडी सेवाएं रियायती शुल्क पर नियमित रूप से उपलब्ध हैं। संस्थान ने इस वर्ष से 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा शुरू करने की योजना भी घोषित की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में रोगियों को तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके।

**संस्थान का उद्देश्य - सेवा ही धर्म**

इस अवसर पर मौजूद जैन मुनी सौरभ सागर जी महाराज ने बताया कि सौरभ सागर सेवा संस्थान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में संस्था जनसेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को लेकर लगातार कार्यरत है। प्रेस वार्ता में संजय जैन, अजय जैन, अशोक गोयल जैन, कमल जैन ,संजीव गोयल जैन, सीए राहुल जैन, नीति, रेखा जैन, नूतन गोयल, निधि शर्मा, संदीप सिंह आदि पदाधिकारियों के अलावा चिकित्सक स्वयंसेवक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने की डीसीपी नगर से मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कोतवाली स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल व मेरठ

## बेहतर कानून व्यवस्था पर की चर्चा

मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया सहित जिले के पदाधिकारी ने गाज़ियाबाद शहर में पुलिस उपायुक्त (सिटी) श्री धवल जायसवाल आई० पी० एस० के साथ जनपद की कानून व यातायात व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की और सुझाव दिए बैठक में सभी पदाधिकारी ने अपने परिचय से नगर पुलिस उपयुक्त को अवगत कराया।
जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा स्वागत करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में नगर में कानून-व्यवस्था और नागरिक सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। गाज़ियाबाद शहर के प्रमुख नागरिक मुद्दों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं:




**1. यातायात की समस्या:**
शहर के कई मुख्य चौराहों व मार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित रहती है, विशेषकर स्कूल खुलने व कार्यालय समय में। इससे आमजन को काफी परेशानी होती है।

**2. वाहन पार्किंग की अव्यवस्था:**
प्रमुख बाजारों जैसे कि चौपला मंडी, घंटाघर, और तुलसी निकेतन इत्यादि क्षेत्रों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनती है।

**3. चेकिंग प्वाइंट्स पर असुविधा:**
चेकिंग के नाम पर कई बार आम व्यापारियों एवं नागरिकों को अनावश्यक रूप से रोका जाता है जिससे असंतोष की स्थिति उत्पन्न होती है। कृपया इसे बेहतर समन्वय के साथ सुचारू बनाया जाए।

हम आशा करते हैं कि आपके कुशल प्रशासन में उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और गाज़ियाबाद को एक व्यवस्थित और नागरिक हितैषी शहर के रूप में उन्नति मिलेगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, गाज़ियाबाद की ओर से हम आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं और आपके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं।
इस अवसर पर अनिल सांवरिया मेरठ मंडल अध्यक्ष, प्रीतम लाल जिला अध्यक्ष, राजू छाबड़ा प्रदेश महामंत्री युवा, आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष युवा, के० एन० डंगवाल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, पवन त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, भगत सिंह मनराल जिला संयुक्त महामंत्री, संजय शर्मा जिला मीडिया प्रभारी, अरुण श्रीवास्तव जिला मंत्री, दलबीर सिंह जिला महासचिव युवा, रोहित वर्मा जिला मंत्री युवा, श्याम किशोर शुक्ला जिला कोषाध्यक्ष, रवि कालिया विधानसभा 56 महामंत्री, बबलू आदि उपस्थित रहे।

# एवरग्रीन पब्लिकेशन इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एवरग्रीन पब्लिकेशंस इंडिया लिमिटेड



वाइस प्रेसिडेंट राजीव अहूजा का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर रीजनल मैनेजर एन के जोशी ,दिल्ली बहादुरगढ़ प्रमुख दीपक खन्ना, अनिल महाजन, अरविंद यादव ,सुशीलअरोड़ा ,अखिलेश्व शर्मा, सुभाष शर्मा, निर्मला रावत, सुनील, अमृता, अजय कुंद्रा, पूजा तनेजा, और नरेंद्र सिंह आदि सभी स्टाफ ने जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं ।

# गेटवे में एकलव्य व नैतिक ने किया स्कूल टॉप, हाईस्कूल में वंश भारद्वाज बने टॉपर, शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** सीबीएसई कक्षा 10 व 12 का रिजल्ट आते ही गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों व शिक्षकों में खुशी की लहर छा गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सभी बच्चे स्कूल में पहुंचे और अपने शिक्षकों को मिठाई खिलाई। इंटरमीडिएट में विद्यालय में विज्ञान वर्ग से एकलव्य सिंह चौहान 92.4 प्रतिशत व कॉमर्स में नैतिक ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। लक्षिका शर्मा ने विज्ञान वर्ग में 91.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व विज्ञान वर्ग की कनिष्का शर्मा ने



91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा हाईस्कूल में वंश भारद्वाज ने 92.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। गेटवे स्कूल का हाईस्कूल का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा जिसे देखकर बच्चे खुशी से झूम उठे। हाईस्कूल में वंश भारद्वाज ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा माही जैन ने 91.6 प्रतिशत एवं रूद्रांश प्रताप सिंह राणा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक कृष्णपाल व प्रधानाचार्य अमित चौहान ने मेधावियों को बधाई दी और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कराया और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस मौके पर संजय शर्मा, अजय राणा, प्रतिभा राज, सवेरा जैन, मनोरमा, प्रियांक आदि मौजूद रहे।

# राज कुमार गोयल इन्सी0ऑफ टैक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेन्ट कालिज में फेयरवेल पार्टी में का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा)।** आर0के0जी0आई0टी0एम0 गाजियाबाद में फेयरवेल पार्टी का आगाज हुआ। जिसका विधिवत उदघाटन कालिज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाईजर डॉ0 लक्ष्मण प्रसाद, डायरेक्टर डॉ0 राकेश गोयल, डीन डी0एस0डब्लू हरी गोपाल गर्ग द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। कालिज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल द्वारा सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर कॉलिज के तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारग कार्यक्रम, रैम्प वॉक एवं नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्त में कालिज के चेयरमैन श्री दिनेश कुमार गोयल द्वारा कालिज के सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा गया कि सभी छात्र अपने कार्य को बडी लगन एवं मेहनत के साथ करते हुए अपने जीवन में सदा उन्नति करें।इस अवसर पर मिस्टर एण्ड मिस फेयरवेल का आयोजन किया गया। जिसमें अन्तिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं का चयन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 मनोरमा शर्मा, डा0 आभा वत्स, खुशबु पाण्डे, प्रोक्टर अरूण कुमार, संदीप, निधि आदि सभी विभागाध्यक्ष, फैक्लटी एवं स्टाफ मौजूद रहे।





# देशभक्ति की ओर एक कदम: बच्चों में राष्ट्र सेवा की भावना का विकास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिनांक 11 मई 2025 को उ-3, पटेल नगर कक्कली, गाज़ियाबाद में 'संस्कारशाला' के माध्यम से देशभक्ति पर आधारित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारत के प्रति प्रेम और राष्ट्रीय भावना का विकास करना था।कार्यक्रम की शुरूआत "वन्दे मातरम" के उद्घोष से हुई। प्रथम सत्र में शारीरिक व्यायाम कराया गया, तत्पश्चात वीडियो प्रस्तुति एवं पीपीटी के माध्यम से बच्चों को भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के प्रतीक चिन्ह दिखाकर उनके योगदान और शौर्य से परिचित कराया गया। बच्चों ने भारत माता के वीर सपूतों की गौरव गाथाएं देखीं, स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणादायक प्रसंगों एवं राष्ट्रसेवकों की झलकियों से भी परिचित हुए, जिससे उनके भीतर देशप्रेम की भावना जागृत हुई। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में बच्चों के देश के प्रति कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को निभाने के विषय पर भी गहन चर्चा हुई। साथ ही, दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्यों के जीवनानुभवों को भी साझा किया गया, जिससे ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान साधना की भूमिका को समाज कल्याण एवं राष्ट्रहित की दृष्टि से समझाया गया। बच्चों द्वारा अनेक प्रस्तुतियाँ भी की गईं – जैसे ऑपरेशन सिंदूर पर स्वलिखित कविता, भारत माता पर कविता, वीर जवानों पर लेखन, देशभक्ति नृत्य प्रदर्शन आदि। अंत में सभी ने देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्य पालन की सामूहिक शपथ ली तथा सामूहिक ध्यान में भाग लिया।
यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि बच्चों के भीतर एक सच्चे, जागरूक और संवेदनशील देशभक्त के बीज बोने का एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ।




# मीडिया अभिव्यक्ति-ब्लैकआउट मॉक ड्रिल निलाया ग्रीन सोसाइटी में आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ग्रीन सोसाइटी में दिनांक 11- 05-2025 को आपातकालीन स्थिति में तत्परता सुनिश्चित करने हेतु एक ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बिजली आपूर्ति बंद होने की स्थिति में निवासियों की सतर्कता, सामूहिक सहयोग और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन करना था।सोसाइटी निवासी चंदन चौबे ने बताया कि ड्रिल के दौरान सभी निवासियों ने पूर्ण अनुशासन और जागरूकता के साथ भाग लिया। सुरक्षा दल, प्रबंधन समिति एवं स्वयंसेवकों ने समन्वयपूर्ण रूप से भूमिका निभाई, जिससे यह ड्रिल प्रभावी और शिक्षाप्रद रही।ये ब्लैक मैकड्रिल डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार कलेक्ट्रेट प्रखण्ड गाज़ियाबाद के नेतृत्व में सिविल डिफेंस वार्डन के द्वारा आयोजन किया गया।सोसाइटी निवासी शिवम पाराशर एवं स्कन्द कुमार ने बताया कि सोसाइटी में ब्लैकआउट मॉकड्रिल का सोसाइटी के नागरिकों को दुश्मन देश के हमले के दौरान बचाव के तरीके ओर ब्लैक आउट के विषय में जानकारी प्रदान की गई वार्डन में स्टॉफ ऑफिसर टू डिविजनल वार्डन राजकुमार तोमर, स्टॉफ ऑफिसर फायर संध्या त्यागी, ट्रू अमित श्रीवास्तव, पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल, प्रदीप बाली, राकेश गुसाई, मंजू गर्ग, अंकित त्यागी, पुष्पेन्द्र आर्य व सभी वार्डन उपस्थित रहे और सहयोग दियाइस मॉकड्रिल के दौरान सोसाइटी के मुख्य निवाशी,दीपक त्यागी, संदीप चौहान, शिवम अवस्थी , सतीश ठाकुर, आदेश त्यागी, सोनू चोपड़ा, संदीप बुदकी, अनुज सैनी, विकास राजदान, रीना चौधरी, मोनिका शर्मा, प्रीति सिंह, महिंदर सिंह, दीपक सकूजा, आदि उपस्थित रहे।



## ओटीसी योजना के तहत ऋण सेलटमेंट कराने के नाम पर आठ किसानों से सवा दो लाख रुपए ठगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी बनकर ऋण ओटीएस सेलटमेंट के नाम पर आठ किसानों से करीब सवा दो लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधक ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गांव ढिंढार में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा स्थित है। बैंक प्रबंधक कपिल गौतम ने बताया कि बैंक से ऋण लेने वाले कुछ किसानों ने समय पर राशि जमा नहीं की है। जिस कारण उनक खाता बट्टे खाते में डाल रखा है। उन्होने बताया कि जनवरी माह में हमारी शाखा की मंड़ल द्वारा एक रिकवरी एजेंसी का गठन किया। 29 जनवरी को दो व्यक्ति भेजे गए। दोनों ने बैंक में उपस्थिति होकर यूपीए खाते की लिस्ट ले ली। बैंक प्रबंधक का आरोप है कि ओटीएस सेलटमेंट कराने के नाम पर गांव ढिढ़ार निवासी आसवीर से 15 हजार रुपए, अंकित से बीस हजार रुपए खट्टा पहलादपुर निवासी गजेन्द्र से दस हजार रुपए, गांव नेकपुर निवासी आस मोहम्मद से 55 हजार, गांव रब्बन से बीस हजार, सुराना निवासी मुकेश देवी से बीस हजार, हनीफ से 15 हजार रुपए, गांव हुसैनपुर निवासी ओमपाल से 65 हजार रुपए ठगकर ले गए। अब किसान बैंक के चक्कर लगा रहे है। बैंक प्रबंधक ने थानाप्रभारी से रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है। एसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय सेना के सम्मान में शहर में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** भारतीय सेना के सम्मान में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा शहर में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शौर्य तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से गूंजता वातावरण, भव्य पुष्पवर्षा और देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियों ने जनमानस को प्रेरित किया। ओलंपिक तिराहे पर माँ भारती की महाआरती का आयोजन भी किया गया। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध मोदी सरकार द्वारा चलाए गए कड़े ऑपरेशनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब भारत पहले की तरह सहनशील नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की महिला शक्ति ने नेतृत्व करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और भारत की रक्षा नीति में नारीशक्ति की निर्णायक भूमिका को दशार्या। यह न केवल सैन्य इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय है, बल्कि यह युवा महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के बच्चों ने मनमोहक झाकियां प्रस्तुत की।।
इस मौके पर हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने कहा कि भारतीय सेना केवल एक सैन्य बल नहीं, बल्कि हर भारतीय की शान और आत्मगौरव है। हमारे वीर जवानों का शौर्य, साहस और बलिदान ही आज देश को सुरक्षित बनाए हुए है। पाकिस्तान और आतंकवाद भारत की एकता को तोड़ने का सपना देख सकते हैं, लेकिन हिंदुस्तान की सेना उनके हर मंसूबे को नेस्तनाबूद करने की ताकत रखती है। यह यात्रा हमारे वीरों को सम्मान देने और युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाने का एक प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का नौजवान हर परिस्थिति में सेना के साथ खड़ा है और राष्ट्रविरोधी ताकतों का डटकर विरोध करता रहेगा। यह आयोजन न केवल भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं को राष्ट्रभक्ति और एकजुटता का संदेश भी दिया। इस मौके पर हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी अवनीश प्रधान, महामंत्री पुष्कर त्यागी, नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष निशांत त्यागी, प्रभारी प्रशांत गुप्ता, सह प्रभारी हरित खटीक, पश्चिमी उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष मोहित गर्ग, नगर महामंत्री शुभम त्यागी, उपाध्यक्ष मोनू त्यागी, यश शर्मा, नितेश शर्मा, अंकित, दीपक, सचिन, सुरेश, अमित,पंकज कुमार, श्याम शर्मा, मयंक त्यागी बबलू, नवनीत, शिवम त्यागी, आकाश त्यागी, बेबी, शिवा शर्मा, संकित, अक्षय शर्मा, कपिल कश्यप, कैलाश कश्यप, सोनू त्यागी अमन, सौरभ, प्रवेश, मुकेश, गिन्नी, बादल, निकुंज, राहुल,आकाश ठाकुर, नितिन, हिमांशु, आदि कार्यकर्ता मौजद रहे।





**चुनाव** — श्री धार्मिक रामलीला समिति सर्वसम्मति से संपन्न हुए समिति के चुनाव में...

# ललित जायसवाल अध्यक्ष एवं भूपेंद्र चोपड़ा महामंत्री पुनः निर्वाचित घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०), कविनगर की साधारण सभा की बैठक में कार्यकारिणी समिति के त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-28 हेतु सर्व सम्मति से संपन्न हुए। समिति के सभी दस पदो एवं इक्कीस कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सर्वजीत राम, पी०सी०एस० (से० नि०) चुनाव अधिकारी की देख रेख में संपन्न चुनाव प्रक्रिया के उपरांत चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। सभी पदो पर सौहार्द पूर्ण वातावरण में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए।घोषित चुनाव परिणामो के अनुसार पुनः ललित जायसवाल को (अध्यक्ष) एवं भूपेंद्र चोपड़ा को (महामंत्री) निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य पदो पर निर्वाचित पदाधिकारी निम्न प्रकार से है, विवेक मित्तल (कोषाध्यक्ष), उपाध्यक्ष पदो पर अजय जैन, गुलशन बजाज, अवनीश गर्ग एवं विपुल शर्मा के साथ तरुण चुटानी (प्रचार मंत्री), पवन गुप्ता (मंत्री) और राजेश गर्ग (सह-मंत्री)। कार्यकारिणी सदस्यों हेतु सुनील निगम, आलोक गर्ग, संजय मित्तल, नवेंदु सक्सेना, दीपक कुमार, विनय जिंदल, सुशांत चोपड़ा, अजय अग्रवाल, वेदपाल कुशवाहा, मनोज गोयल, ऋषि माकड़, पुनीत बेरी, आनंद गर्ग, मुकेश सिंघल, रमन मिगलानी, सुरेश महाजन, डी० पी० कौशिक, अजय गुप्ता, दिवाकर सिंघल, मयंक जैन और सचिन कुमार निर्वाचित घोषित हुए।इससे पूर्व समिति के संरक्षक गण सर्वश्री बलदेव राज शर्मा, ललित मोहन मित्तल, नेम प्रकाश गोयल, विजय जिंदल, जे० डी० जैन का स्वागत समिति अध्यक्ष ललित जायसवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में साधारण सभा के सदस्य उपस्थित हुए। समिति के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए समिति के कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं योजनायों का उल्लेख किया और सभी सदस्यों, सहयोगियो एवं दानदातायो का आभार व्यक्त किया।समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी सदस्यों एवं संरक्षक गण का मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु धन्यवाद दिया एवं सर्व सम्मति से शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।समिति के संरक्षक बलदेव राज शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया।बैठक का प्रारंभ एवं समापन गायत्री मंत्रों के साथ किया गया।भूपेंद्र चोपड़ा,महामंत्री कृते श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०)।




# पिलखुवा नगर पालिका को वित्तीय हानि पहुंचाने का आरोप, मुख्यमंत्री को पत्र भेज जांच करा कर कारवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** अक्सर विवादों में घिरी रहने वाली नगर पालिका परिषद एक बार फिर चर्चा में आई है।

नगर के मौहल्ला राणा पट्टी निवासी संदीप तोमर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित आला अधिकारियों को शिकायती पत्र लिखकर जांच करा कर कारवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व में पिलखुवा में तैनात जेई० जल निगम, हापुड़ अनुज सागवान के समय में नलकूपों का संचालन एवं पेयजल आपूर्ति का कार्य ठीक प्रकार से चल रहा था, परन्तु गुमराह करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को टैक्निकल जे०ई० के होते हुए तैनाती कर दी गई ।जबकि शासन द्वारा यहां पर जेई० विशाल राणा की तैनाती की गयी है। उनकी तैनाती के उपरान्त भी कर निर्धारण अधिकारी को अध्यक्ष द्वारा नॉन टैक्निकल कर निर्धारण अधिकारी को जल कल प्रभारी के पद से नहीं हटाया गया।




नलकूपों के जनरेटरों में भिन्न-भिन्न तारीखों में डीजल तत्कालीन सुपरवाईजर से मिलकर डालना दिखाया गया है, परन्तु किसी भी नलकूप के जनरेटर में डीजल नहीं डाला गया है शहर में लोगों को मामले की जानकारी होने पर मात्र सुपरवाईजर को सुपरवीजन से हटाया गया है इस प्रकार स्पष्ट है कि कर निर्धारण अधिकारी सुपरवाईजर मिलकर पम्पों के जनरेटरों के नाम पर डीजल कहां गया। ओर गैर रजिस्टर्ड प्लम्बरों का फर्जी कार्यों का कर निर्धारण अधिकारी को तत्काल जलकल प्रभारी के पद से हटाकर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# सीबीएसई का रिजल्ट: जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की कक्षा बारह की छात्रा अंशिका सिरोही ने 99.4% से मारी बाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** सीबीएसई का रिजल्ट मे जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की कक्षा बारह की छात्रा अंशिका सिरोही ने 99.4% से मारी बाजी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024-25 (सीबीएसई) ने के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के छात्रों ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

**स्कूल के 12 के टॉपर्स की सूची निम्नलिखित रही :**

अंशिका सिरोही 99.4%
हर्षिता 95.8%
जिया 95.6%
आस्था 88%
सन्नी कसाना 87.8%
शिवात्यागी 87.5

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ के छात्रों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इतिहास रचने वाले विद्यालयो की श्रेणी में जेएमएस ने अपना नाम आज 12वीं के रिजल्ट के बाद दर्ज कराया। 99.4% के साथ अंशिका सिरोही ने बाजी मारी। इसी के साथ विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ी। अंशिका ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालयप्रबंधन, प्रधानाचार्य गुरु तथा अपने माता-पिता को दिया ।अंशिका के माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम किया।








स्कूल के कक्षा 10 के टॉपर्स की सूची निम्नलिखित रही :-

तनवी चौधरी - 95.5%
जतिन सिंह - 92.2%
अश्विका- 92%
प्रिंस यादव - 91.8%
यति कंसल - 89.6%
साद अहमद - 88.8%
अर्जुन वर्मा - 88.2%
सुजल चौधरी - 86%

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. निधि मलिक ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के प्रबंधक डॉ. आयुष सिंघल ने भी छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से केक कटवाया तथा उनका मुंह मीठा करा कर बधाई दी और इस अवसर पर कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित अध्यापन शैली और माता-पिता के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल अंक लाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समग्र विकास है।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने कहा कि स्कूल हमेशा से ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और इस परिणाम से यह स्पष्ट होता है कि स्कूल के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत रंग ला रही है।

अंत में स्कूल सेक्रेटरी डॉ रोहन सिंहल ने स्कूल प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक व ऐकडेमिक कॉर्डिनेटर सोनिया शर्मा और पुष्पेन्द्र चौधरी तथा एडमिन लवलेश सिरोही , मीनू सिरोही को उनकी इस उपलब्धि के लिए बहुत बहुत बधाई दी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसे में चालक की मौत, कैंटर ट्रक में पीछे से दूसरे कैंटर ट्रक ने मारी थी जोरदार टक्कर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गत सोमवार की देर शाम जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग नौ रसूलपुर बाईपास के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रहे एक कैंटर के चालक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- **पुलिस ने आरोपी कैंटर के चालक को हिरासत में लिया**
- **पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा**

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा निवासी जासिम (32) अपने कैंटर से दिल्ली की ओर जा रहा था। रात करीब 2 बजे जब वह थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में रसूलपुर बाईपास पर बिस्मिल्लाह होटल के निकट पहुंचा,तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अन्य कैंटर ने उसके वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जासिम का कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में जासिम गंभीर रूप से घायल हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और बाबूगढ़ पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायल जासिम को अस्पताल पहुंचाया,जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।





पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में टक्कर मारने वाले कैंटर की लापरवाही सामने आई है। आरोपी कैंटर चालक,पोस्ट कावेरी बाजवा, जिला रामपुर निवासी जौनी को हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी।

# राष्ट्रीय लोकदल में होता है हर वर्ग का सम्मान : एड.प्रशांत प्रकाश शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ( संजीव वशिष्ठ) ।** जिला कार्यालय पर लोकदल के जिला अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान के नेतृत्व राष्ट्रीय लोकदल की एक वृहत बैठक का आयोजन किया गया । जिसमे पार्टी के वृहत विस्तार और अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने का आह्वान किया गया । इस मौके पर पिलखुवा नगर अध्यक्ष प्रशांत प्रकाश शर्मा ने कहा की राष्ट्रीय लोकदल सबको साथ लेकर चलती है, जिसमें व्यापारी किसान मजदूर नारी शक्ति का विशेष सम्मान किया जाता है । किसी की भी कोई भी समस्या हो उसका समाधान सभी मिलजुल कर कराते हैं । उन्होंने पार्टी संगठन विस्तार पर बल दिया । और अधिक से अधिक युवा सदस्य बनाए जाने का आह्वान किया ।जिससे पार्टी की नीति जन जन तक पहुंचे और पार्टी का व्यापक विस्तार हो ।

- **जिला कार्यालय में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोकदल की बैठक**
- **अधिक से नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का किया गया आह्वान**




इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के सभी सम्मानितो ने अपने-अपने विचार रखें । जिलाध्यक्ष रविन्द्र प्रधान ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक यूथ सदस्य बनाए जाने के निर्देश दिए । जिसके बाद लोकदल कार्यकताओं ने चौधरी चरण सिंह अमर रहे, चौधरी अजीत सिंह अमर रहे , राष्ट्रीय लोकदल जिंदाबाद, चौधरी जयंत , जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आयोजित सभा का समापन हुआ , बैठक में मौजूद मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, महासचिव के पी सिंह सिरोही, खालिद जिलानी, सतेन्द्र सिंह, कीरत सिंह, शाहिद राणा, राष्ट्रीय लोक दल संगठन एडवोकेट मधुकर शर्मा, ठाकुर ब्रजेश गहलोत, डा प्रियंका, महबूब कुरैशी, गुल्लू कुरैशी, ओमपाल प्रधान, नफीस मास्टर, धर्मवीर मुखिया, मोनू चौधरी, जय कुमार चौधरी, माधव, आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# पुलिस ने शातिर अभियुक्त की संपत्ति कुर्क की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद पुलिस द्वारा शातिरअपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के जनपद के थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त हरेन्द्र कुमार पुत्र अशोक कुमार, निवासी ग्राम चितौली, थाना हाफिजपुर की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया। पुलिस द्वारा कार्रवाई मंगलवार को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत जिला मजिस्ट्रेट हापुड़ और मेरठ के आदेश के अनुपालन में की गई।

आपको बता दें,कि कुर्क की गई संपत्ति में ग्राम मेघराजपुर,परगना किठौर, जनपद मेरठ में स्थित 67.05 वर्ग गज का एक प्लॉट शामिल है,जिसकी बाजारू कीमत लगभग 8 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान संबंधित मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकारी किठौर मौके पर उपस्थित रहे। पुलिस ने बताया कि हरेन्द्र ने आपराधिक गतिविधियों के जरिए इस संपत्ति को अवैध रूप से अर्जित किया था।थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी, ताकि अपराधियों में कानून का भय स्थापित हो।



# एनटीपीसी की इशिका गोयल तथा संदीपनी नायक जिले में अव्वल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** इलाके की पावर परियोजना स्थित एनटीपीसी के डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन जनपद गौतम बुद्ध नगर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की । विद्यालय के टॉपर इशिका गोयल (वाणिज्य), संदीपनी नायक (विज्ञान) ने 99.6% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया । विद्यालय में आंचल चौधरी (मानविकी) तथा श्रेयस नायक (विज्ञान) 97.4% अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुहानी राणा 97% (मानविकी) अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहीं । वर्ष 2024-25 में विद्यालय में कक्षा 12 से कुल 61 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। लगभग 84% विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की। विद्यालय में कोई भी विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में नहीं रहा, सभी 61 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में बोर्ड की परीक्षा पास की। यह विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है कि इस वर्ष का रिजल्ट अद्वितीय रहा । विषय वार श्रेणी में अंग्रेजी तथा संगीत में 7 चित्रकला में 9 लेखांकन तथा फिजिकल एजुकेशन में एक-एक विद्यार्थी ने 100 अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही अधिकतम विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों में 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पिछले वर्ष भी विद्यालय ने बोर्ड रिजल्ट में श्रेष्ठता का परचम लहराया था और इस वर्ष विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करके एक नया इतिहास रचा है।







प्रधानाचार्या पूनम दुआ ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी ।तथा शिक्षक-जन को उनके मार्गदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या पूनम दुआ के मार्गदर्शन में विद्यालय का परिणाम श्रेष्ठ रहा ।


परिणाम घोषित

छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है


# सीबीएसई कक्षा 12वीं में विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल की माही अग्रवाल ने 98.20% अंक प्राप्त कर मारी बाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)** विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परिणाम घोषित किया गया जिसमें माही अग्रवाल ने विधालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**टॉपर्स:**

1. माही अग्रवाल (ह्यूमैनिटीज) - 98.2%
2. अविका शिशोदिया (कॉमर्स) - 96.6%
3. प्रज्ञा (ह्यूमैनिटीज) - 95.6%

**अन्य उत्कृष्ट छात्र:**

- गार्गी शर्मा (कॉमर्स) - 95.2%
- कनुप्रिया गुप्ता (विज्ञान) - 95.2%
- चेताली बंसल (ह्यूमैनिटीज) - 95.2%

विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।विब्ग्योर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई

**परीक्षा में मारी बाजी**

सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विब्ग्योर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।









**कक्षा 10वीं के टॉपर:**

1. भूमिका सुहेरा - 95.8% (प्रथम स्थान)
2. आदित्य मित्तल - 95.6% (द्वितीय स्थान)
3. नैतिक गोयल - 95.4% (तृतीय स्थान)

**अन्य उत्कृष्ट छात्र:**

- आदित्य गर्ग - 95%
- अमोघ महेश्वरी - 94.4%
- कार्तिक कश्यप - 94.2%
- श्रेयांश शर्मा - 93%
- मानव चतुर्वेदी - 91.8%
- गर्व तेवतिया - 91.6%
- अमित पांडे - 90.2%
- राघव गुप्ता - 90%
- कोयल शर्मा - 89.4%
- प्रताप शर्मा - 88.8%
- अथर्व दक्ष - 88.4%
- शाद अंसारी - 88.4%

विद्यालय के प्रबंधक जनार्दन गुप्ता, निदेशक नदीश गुप्ता और प्रधानाचार्य नरेशपाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सदर कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को दबोचा, जिनके कब्जे से 2 चोरी की बाइक व दो चाकू बरामद किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद की सदर कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को चोरी की दो बाइक व दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष कुमार चौहान ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में कोतवाली पुलिस ने डीपीएस पब्लिक स्कूल के निकट प्रीत विहास से तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से जनपद गाजियाबाद से चोरी की दो बाइक व दो चाकू बरामद किये है।




उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों के नाम हर्ष उर्फ चीकू पुत्र सोनू,यश पुत्र रिंकू व प्रथम पुत्र फूला निवासी मोहल्ला अतरपुरा थाना कोतवाली हापुड़ नगर व जिला हापुड़ है।

## सम्पादकीय

# आरक्षण का धंधा ट्रेन की तरह



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

सुप्रीम कोर्ट ने देश में आरक्षण की तुलना ट्रेन से करते हुए कहा है कि जो लोग डिब्बे में चढ़ जाते हैं, 'वे नहीं चाहते कि दूसरे अंदर आएं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिर सिंह की पीठ ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का विरोध करने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। दरअसल, यह याचिका स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिना यह पता लगाए दिए जाने के खिलाफ थी कि आरक्षण पाने वाले राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं, भी या नहीं।

इस पर शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि देश में आरक्षण का धंधा ट्रेन की तरह हो गया है। जो रेलगाड़ी के डिब्बे में चढ़ गए हैं, वे नहीं चाहते कि कोई और अंदर आए। यही पूरा खेल है। याचिका डालने वाले का भी यही खेल है। याचिकाकर्ता मंगेश शंकर सासाने ने कहा कि राजनैतिक पिछड़ापन सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन से अलग है, और ओबीसी को स्वयंमेव राजनीतिक रूप से पिछड़ा नहीं माना जा सकता है। ओबीसी के भीतर आरक्षण के उद्देश्य से राजनीतिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वगरे को पहचाना जाना चाहिए।

इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब कोई समावेशिता के सिद्धांत का पालन करता है, तो राज्यों को अधिक वर्ग की पहचान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। सामाजिक रूप से, राजनीतिक रूप से और आर्थिक रूप से कोई पिछड़ा होगा तो उसे लाभ से वंचित क्यों किया जाना चाहिए। आरक्षण का मुद्दा देश में इस कदर संवेदनशील हो चुका है कि समाज में अलगाव और असंतोष का जब-तब रूप लेता दिखाई पड़ा है। ओबीसी में क्रीमी लेयर का मसला भी इसी के चलते से उभरा है। अनेक जातियां और सामाजिक समूह भी आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग करने लगे हैं। दरअसल, जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है।

आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक रूप से पीछे रह गई जातियों को आरक्षण का लाभ इसलिए दिया जाता है कि वे संविधान के समानता के सिद्धांत का लाभ उठा कर अन्य जातियों के बराबर आ जाएं। लेकिन समाज में आरक्षण को लेकर पनपे व्यापक असंतोष के चलते जब-तब पिछड़ेपन को फिर-फिर परिभाषित करने की नौबत आ ही जाती है।

## आज का विचार

**जीवन का हर दिन इस तरह जीना चाहिए,कि फिर से लौट कर उस दिन में जाने की इच्छा न हो।**

# अमेरिका जैसी साम्राज्यवादी शक्ति को इसमें शामिल करना शिमला समझौते की आत्मा के विरुद्ध है



जुनैद मलिक अत्तारी

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर पर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हुईं हैं। सभी विपक्षी दलों ने इस संघर्ष विराम का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही इसमें अमेरिकी मध्यस्थता को लेकर कुछ सवाल भी उठाए हैं। और प्रधानमंत्री से तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की है।कांग्रेस की ओर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने मीडिया से कहा कि पिछले कई दशकों से हमारी विदेश नीति बड़ी स्पष्ट थी। उसमें मध्यस्थता, समझौते और तीसरे पक्ष के शामिल होने की बात नहीं होती थी। ऐसे में हमारी अपील है कि सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।हमारे सैनिकों ने पिछले दिनों जिस ताकत, शौर्य और कार्यकुशलता से पाकिस्तान को मजा चखाने का काम किया है, उस पर हम सभी को नाज और फख्र है।कांग्रेस ने कई गंभीर सवाल पूछे हैंझ्र यह जो मध्यस्थता हुई है, क्या इसे भारत सरकार ने एक्सेप्ट किया है? अमेरिका ने किन शर्तों पर इस प्रकार की घोषणा की है, यह बहुत बड़ा सवाल है। इसमें कश्मीर का जिक्र भी किया गया है। डिप्लोमेसी का अपना एक रोल है, लेकिन अगर इस प्रकार वॉशिंगटन से सीजफायर की घोषणा होती है, तो कई सवाल खड़े होते हैं।सभी प्रमुख वाम दलों ने भी सेना के साहस की प्रशंसा करते हुए सरकार से सवाल पूछे हैंझ्रभारतीय कम्युनिस्ट पार्टीझ्रमार्क्सवादी के पोलित ब्यूरो ने बयान जारी कर कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल प्रभाव से लागू होने वाले संघर्षविराम की घोषणा का सकारात्मक रूप से स्वागत करती है। दोनों देशों की जनता शांति की हकदार है ताकि वे तरक्की और खुशहाली की दिशा में आगे बढ़ सकें। हम दिल से आशा करते हैं कि दोनों देश इस पहल को आगे बढ़ाएं।पाकिस्तान को अपनी सीमा से आतंकवादी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक सुनिश्चित करनी चाहिए। यह जरूरी है कि आगे कोई टकराव न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।सीपीआई-एम के ही लोकसभा सांसद और किसान नेता अमराराम ने ग्वालियर में कहा कि झ्र युद्धविराम की घोषणा एक अच्छी और स्वागतयोग्य बात है किन्तु अमेरिका द्वारा इसके लिए की गयी मध्यस्थता की खबर चिंताजनक बात है। आजादी के बाद से लेकर आज तक चाहे कश्मीर का सवाल हो या पाकिस्तान अथवा किसी भी और देश के साथ सीमा विवाद का प्रश्न भारत की यह नीति रही है कि वह किसी भी तीसरी शक्ति के हस्तक्षेप या भूमिका को स्वीकार नहीं करेगा।पहलगाम के जघन्य और निंदनीय आतंकी हमले के बाद के घटना विकास में अमेरीका के चौधरी बनने की कोशिश इस नीति के विपरीत है। प्रधानमंत्री को इस बारे में स्थिति साफ करना चाहिए। भारत की जनता अमेरिकी मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगी।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम समझौते का स्वागत करती है और इसे क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानती है, जिससे नियंत्रण रेखा के आसपास रहने वाले लोगों को राहत मिली है। हालांकि सीपीआई अमेरिका की इस प्रक्रिया में कथित भूमिका को लेकर गहरी चिंता जताती है। यह द्विपक्षीय मुद्दा था जिसे भारत और पाकिस्तान सीधे संवाद के जरिये सुलझा सकते थे। अमेरिका जैसी साम्राज्यवादी शक्ति को इसमें शामिल करना शिमला समझौते की आत्मा के विरुद्ध है और इससे कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण होता है। सीपीआई मांग करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट करें कि अमेरिका की क्या भूमिका रही और कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले संघर्षविराम की घोषणा कर दी। साथ ही, सीपीआई संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस पर पारदर्शी चर्चा कराने की मांग करती है।भाकपा माले ने भी इस संबंध में अपना बयान जारी किया हैझ्रतो क्या अब मोदी के नेतृत्व वाला भारत, एक पूर्ण पैमाने पर भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष की आशंकाओं के बीच अमेरिका की मध्यस्थता की 'एक लंबी रात' के बाद ही युद्धविराम पर सहमत हो पाया है? देश में बीते तीन दिनों से बढ़ती चिंता के बीच युद्धविराम की खबर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके अधिकारियों ने दी, जिसे भारत और पाकिस्तान ने बाद में जाकर पुष्टि की।काश, दोनों देश की सरकारें अपनी जनता की आवाज सुनतीं और अमेरिका जैसे बाहरी हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश न छोड़तीं। मोदी सरकार को बीते कुछ दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उठाए गए मनमाने कदमों को तुरंत वापस लेना चाहिए और उन नागरिकों व मीडिया मंचों के सांवैधानिक अधिकारों की गारंटी देनी चाहिए जिन्होंने इस हमले को संभव बनाने वाली चूकों पर सवाल उठाए, नफरत और उन्माद को ठुकराया और शांति और न्याय की मांग की।




राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कियाझ्र प्रधानमंत्री जी से आग्रह है कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर पहलगाम की आतंकी घटना से लेकर सीजफायर तक तिथिवार और बिंदुवार जानकारी देते हुए देश को भरोसे में लें ताकि समस्त भारतवासी संसद के माध्यम से एक स्वर एक ध्वनि में भारतीय सेना के शौर्य, वीरता और पराक्रम को धन्यवाद देते हुए विभिन्न पहलुओं पर विचार रखेंझ्र।ज्यादातर अन्य दलों ने भी इसी तरह की प्रतिक्रिया दी है और जल्द से जल्द सर्वदलीय बैठक या संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने तो कहा कि विपक्ष को इस बार तभी सर्वदलीय बैठक में तभी जाना चाहिए जब सरकार ये आश्वासन दे कि उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उन्होंने भी संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की मांग की। प्रिय पाठकों प्रधानमंत्री मोदी जी के विरोधी अमेरिका से मध्यस्थता कराए जाने का शोर मचा रहे हैं और मोदी जी को शिमला समझौते के दोनों देशों के झगड़े में किसी तीसरे का दखल मंजूर नहीं करने के संकल्प की याद दिला रहे हैं, वह सब गलत है। माना कि ट्रंप ने दोनों देशों के बीच सीजफायर होने का प्लान किया है। खुद भारत और पाकिस्तान ने बाद में, ट्रंप ने ही सबसे पहले यह सीजफायर होने का एलान किया है। माना कि डोनाल्ड ट्रंप ने ही फौरन और मुकम्मल सीजफायर का प्लान किया है। लेकिन, इसका मतलब यह थोड़े ही है कि अमेरिका के कहने से सीजफायर हुआ है! बेशक, ट्रंप ने यह कहा है, अमेरिका के उप-राष्ट्रपति ने कहा है, अमेरिका के विदेश सचिव ने कहा है, कि अमेरिका की मध्यस्थता में सीजफायर हुआ है। लेकिन, भारत ने और यहां तक कि पाकिस्तान ने भी कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत से सीजफायर हुआ है।

## विषय जहाँ डर से परे है

मन जहाँ डर से परे है
एक ऐसा सँसार चाहिए,
ऊँच नीच ,नही जाति मजहब की कोई दीवार चाहिए
हो सबसे सिर्फ प्यार का नाता एक दूजे से,
कोई नही किसी से करें कोई ईर्ष्या,न? कोई किसी से कोद्वेष रखे,
मिलकर जी ले सब अपनी ज़िंदगी ,
जीते थे जैसे पहले भारत माता की बनकर संतान सभी,
हो जाए माहौल कुछ ऐसा
नही दिल में भय हो किसी भी महिला के
नही कोई बच्ची शिकार की जाए वहशियों द्वारा,
नही कोई महिला नोची जाए भेड़ियों बने इंसान द्वारा,
नही किसी औरत की इज्जत तार तार हो,
नही किसी ऐसी औरत का कही कोई तिरस्कार हो,
बन जाए सब ऐसे लोगो की ताकत,
नही कोई बेटी दहेज की सूली पर चढ़ाई जाए,
नही किसी लड़की को कम उम्र में दहेज के लिए आग में झोका जाए,
नही कोई हिंदू हो नही कोई मुस्लिम हो
बन जाए सब सिर्फ भारतीय ,भारत माँ की सँतान सभी
भारत में जननी मैं भारत माँ की बेटी हूँ
इससे बड़ी क्या खुशनसीबी मेरे लिए होगी ।



नदीम बानो तनवीर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# स्मार्ट डिवाइसेज और मानसिक सुकून: क्या हम वास्तव में खुश हैं?



प्रो.आरके जैन अरिजीत

स्मार्ट डिवाइसेज की चमक ने हमारे जीवन को एक नई रोशनी से नहला दिया है। गूगल होम, एलेक्सा और सिरी जैसे यंत्र हमारे घरों में नहीं, बल्कि हमारे दिलों में बस गए हैं। एक आवाज के इशारे पर ये हमारे लिए गीत गाते हैं, खाना बनाने की विधियाँ सुझाते हैं, और यहाँ तक कि हमारी दिनचर्या को संवारते हैं। मगर इस तकनीकी जादू की चकाचौंध में एक गहरा सवाल छिपा है, जो हमारे मन के कोनों को झकझोरता है—क्या ये यंत्र, जो हमारी ज़िंदगी को सरल बनाते हैं, हमारे मानसिक स्वास्थ्य को चुपके से प्रभावित कर रहे हैं? यह प्रश्न केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारे युग की सबसे जरूरी और अनछुई बहस का आह्वान है।

आज स्मार्ट डिवाइसेज हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी का ऐसा हिस्सा बन चुके हैं कि उनके बिना समय अधूरा-सा लगता है। ये यंत्र तुरंत जानकारी देते हैं, घरेलू कार्यों को स्वचालित करते हैं, और हमें मनोरंजन के अनगिनत रास्ते खोलते हैं। मगर क्या हमने कभी सोचा कि इनके निरंतर उपयोग का हमारे मन पर क्या असर पड़ रहा है? एक ओर, ये डिवाइसेज तनाव से राहत दे सकते हैं।

जब हम अकेलेपन में डूबे होते हैं और किसी से बात करने का मन नहीं करता, तो हम अपने स्मार्ट स्पीकर से संवाद करते हैं। ये उपकरण हमें तुरंत जवाब देते हैं, जिससे हमें क्षणिक सुकून मिलता है। कुछ अध्ययनों का दावा है कि ऐसे यंत्रों से बातचीत एकाकीपन को कम कर सकती है, खासकर उन लोगों में जो सामाजिक रूप से कटे हुए हैं। मगर क्या यह सुकून सच्चा है? इन डिवाइसेज के साथ संवाद करते समय हम एक कृत्रिम भावनात्मक रिश्ता जोड़ लेते हैं। हम उन्हें केवल मशीन नहीं, बल्कि एक सहायक या साथी मानने लगते हैं। यह रिश्ता हमें तात्कालिक राहत देता है, मगर लंबे समय में यह हमें वास्तविक मानवीय रिश्तों से दूर ले जाता है। हम दोस्तों या परिवार से बात करने के बजाय अपने स्मार्ट डिवाइस से सवाल पूछना ज्यादा आसान समझते हैं। यह प्रवृत्ति सामाजिक दूरी को बढ़ाती है और एकाकीपन को और गहरा करती है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि मानवीय संपर्क—चाहे वह आमने-सामने हो या दूरभाष पर—हमारे मानसिक कल्याण की रीढ़ है। स्मार्ट डिवाइसेज, चाहे कितने भी बुद्धिमान हों, इस संपर्क की गहराई और भावनात्मक तृप्ति नहीं दे सकते।


इसके साथ ही, स्मार्ट डिवाइसेज का अत्यधिक उपयोग हमारी रचनात्मकता और स्वतंत्र चिंतन को कमजोर कर सकता है। जब हर सवाल का जवाब एक आवाज के आदेश पर उपलब्ध हो, तो हम खुद सोचने और समस्याएँ हल करने की कला भूलने लगते हैं। यह खासकर बच्चों और युवाओं के लिए खतरनाक है, जिनका मस्तिष्क अभी विकसित हो रहा है। यदि वे हर जानकारी के लिए स्मार्ट डिवाइसेज पर निर्भर रहेंगे, तो उनकी संज्ञानात्मक क्षमताएँ सिकुड़ सकती हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की युद्ध योजना का कमाल, चार दिन में ही घुटने टेके पाकिस्तान ने

भारत और पाकिस्तान के बीच बीते दिनों में सैन्य तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक के अड्डों पर सटीक और जबरदस्त प्रहार किए। यह ऑपरेशन 7 मई की सुबह प्रारंभ हुआ और 10 मई तक भारतीय वायुसेना और थलसेना ने पाकिस्तान में कई रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाकर व्यापक नुकसान पहुंचाया। अमेरिका की मध्यस्थता से संघर्षविराम लागू किया गया, जिसने फिलहाल दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव को टाल दिया है।

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी की युद्ध योजना सटीक थी कि चार दिन में ही घुटने टेक दिए पाकिस्तान ने । हालाँकि भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों पर हमला नहीं किया। यह एक युद्ध था और पाकिस्तान युद्ध हार गया। ऐसा पहले भी साढ़े तीन बार हो चुका है, लेकिन अब कहना होगा कि यह ज्यादा प्रभावी और सटीक हमला था। मोदी की सटीक भविष्यवाणियां हैं जिसने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया । वास्तव में, यह युद्ध पारंपरिक अर्थों में नहीं था, बल्कि यह भारत द्वारा पाकिस्तान को पाकिस्तान के नापाक इरादों को नष्ट करने के इरादे से सिखाया गया एक सबक था। पहलगाम में, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पर्यटकों पर क्रूर हमले किए और उनमें से कई को उनके कपड़े उतारकर मार डाला। वे नहीं आए और उन्हें गोली मार दी गई। मोदी ने ठान लिया था कि इन आतंकियों को सबक सिखाएंगे और इसे लागू करेंगे। अगर इस जगह नेहरू या कांग्रेस की सरकार होती, तो वह विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला भेज रही होती। लेकिन यह मोदी और नेहरू या कांग्रेस के बीच एक गुणात्मक अंतर है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार जानती है कि उसे क्या चाहिए और वह जानती भी है कि उसे क्या चाहिए। नतीजतन मोदी की लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। लेकिन यहां मोदी की लोकप्रियता का कोई सवाल ही नहीं था। भारत की निर्दोष बहनों की हत्या का बदला लेना जरूरी था, जिन्होंने अपनी कुंवारी उम्र खो दी थी और मोदी ने यही किया। इसलिए, यह मोदी ही थे जिन्होंने इस ऑपरेशन को सही नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया।

विपक्ष अब भारत को ज्ञान सिखा रहा है कि भारत ने युद्ध क्यों नहीं किया और उसे पाकिस्तान को पूरी तरह से नष्ट कर देना चाहिए था। अगर ऐसा होता, तो वही विपक्ष कहता कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान के लोगों को मार दिया। इसलिए मोदी चुप रहे और उन्होंने अपना बदला भी दिया और महिलाओं को न्याय भी दिया। यह जानते हुए कि पाकिस्तान को पाकिस्तान की किसी भी गलती का शिकार नहीं होना चाहिए, मोदी ने अब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। अगर लोग मारे गए होते, तो पाकिस्तान ने गंभीर शपथ ली होती। यह भौंरा होता। लेकिन अब उसके पास वह मौका नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह किया है। इस बीच मसूद अजहर के परिवार की हत्या कर दी गई है। यह



अशोक भाटिया,मुंबई

मसूद अजहर वही है जिसने कंधार में विमान अपहरण मामले में भारतीयों को बंधक बनाकर रखा और उनकी सहिष्णुता का अंत देखा। उनके परिवार के नौ सदस्य मारे गए हैं, जबकि एक अन्य आतंकवादी अब्दुल रऊफ भी ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया है। यह युद्ध नहीं था, बल्कि पाकिस्तान को उसकी जबरदस्त आक्रामकता की सजा थी। आतंकवादी शायद यह सबक भूल गए होंगे। अब, यह भारत में कांग्रेस सरकार नहीं है, बल्कि मोदी की भाजपा की सरकार है और यह हमें थोड़ी सी गलती के लिए प्रायश्चित देती है। भारत को पाकिस्तान के युद्धविराम पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान को चेतावनी दी गई है कि अगर पाकिस्तान ने अब से कुछ भी गलत किया तो इसका मतलब होगा कि उसने भारत के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है। इससे सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था पहले से ही हो चुकी है। मोदी ने सिंधु जल संधि के निलंबन की व्यवस्था की है। इससे पाकिस्तान के नाक और मुंह में पानी चला गया है, जो पानी की कमी के कारण उसकी खेती को सुखा देगा। और कई आर्थिक उपाय किए गए हैं जो पाकिस्तान के जीवन को मुश्किल बना देंगे। गलत का एहसास करना जरूरी था और मोदी ने यह किया है। भारत ने इस ऑपरेशन में आतंकी कैंपों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया था। यह सफलता बहुत बड़ी है। भारत ने कहीं भी लोगों की रक्षा नहीं की है। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने अपने ही लोगों को बचाकर भारतीय सेना पर हमला किया। लेकिन ये सभी हमले विफल रहे। अब पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखा दिया गया है कि वह कुछ सालों तक उससे मुंह नहीं मोड़ पाएगा। न सिर्फ पाकिस्तान की गतिविधियों पर रोक लगेगी, बल्कि भारत अब पहलगाम नरसंहार को अंजाम देने वाले आतंकियों को मारने पर ध्यान देगा। क्योंकि यह भारत का घाव है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी भाग गए हैं। जब तक उन्हें दंडित नहीं किया जाता तब तक भारत का बदला अपर्याप्त होगा। अब पाकिस्तान शांति की शिक्षाओं को याद कर रहा है। पाकिस्तान के दैनिक 'द डॉन' ने सलाह की खुराक दी है कि युद्ध कैसे गलत है। लेकिन किसने पहले शुरू किया और पाकिस्तान इतने लंबे समय से ऐसा ही कर रहा है। अब पाकिस्तान को भारत से वैसी ही या उससे भी कठोर प्रतिक्रिया मिल रही है। यदि आप शांति चाहते हैं, तो आपको मजबूत होना होगा। कमजोरों की पुकार पर कोई जवाब नहीं देता। भारत ने इसे साबित कर दिया है। हालांकि, पाकिस्तान ने बार-बार साबित किया है कि वह अभी भी नहीं सुधर रहा है। उसने संघर्ष विराम के बाद भी गोलीबारी जारी रखी है। पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय क्षेत्र में आ रहा है और कई घरों को नुकसान पहुंचा है। कुछ जगहों पर लोगों की मौत भी हुई है। पाकिस्तान किसी भी सूरत में सुलह की बात नहीं समझता। वह बबार्दी की भाषा समझता है। अगर ऐसा होता है तो भारत अब उसी तरह से जवाब देगा। मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया है, लेकिन अगर पाकिस्तान इसे नहीं समझता है तो पाकिस्तान को व्यापक हमले की बात करनी पड़ेगी। पाकिस्तान का खनन कार्य अभी भी जारी है। अगर वो नहीं रुके तो भारत को आखिरी झटका भुगतना पड़ेगा। ये सच है कि दुनिया का कोई भी देश पाकिस्तान को नहीं बचा सकता। वैसे, डोनाल्ड ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे निस्वार्थ राष्ट्रपति हो सकते हैं जब यह अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की बात आती है। "उन्हें देखना चाहिए" उनके पसंदीदा शब्द हैं। फिर भी उन्होंने रूस और यूक्रेन के साथ-साथ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम लाने के लिए पर्दे के सामने या पीछे से काम किया।

## बुधवार का राशिफल

**मेष:** हालात को सम्भालना चाहेंगे, किसी के साथ तालमेल बनेगाट्यूनिंग विदेश में विवाह के योग है, लीव बढ़ना, पैरों में सूजन आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-62

**वृषभ:** नकारात्मक शक्ति एवं मानसिकता से घिरे रहेंगे, विवाद को जल्दी सुलझा लेना चाहिए, नौकरी जल्दबाजी में ना छोड़े, आय रुक रुककर होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन:** मार्केटिंग क्षेत्र में कार्य करेंगे, मन चिंताओं में डूबा रहेगा, खर्चा अचानक होगा, परिवार में मुकदमे बाजी हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-55

**कर्क:** जीवन को सम्भाले, मन कुछ करने को नहीं होगा, कोई काम बनते हुए रह जाएगा, स्कूल ड्रेस व्यवसाय में ऑर्डर का प्रयास करेंगे, काम का मेनेजमेंट सीखे। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह:** नौकरी में सीनियर दूसरी जगह पोस्टिंग करेंगे, मोटिवेशनल स्पीकिंग से लोगों को प्रभावित करेंगे, कोई फर्म खोल सकते हैं,विदेश में कोई समस्या आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-71

**कन्या:** व्यवसायीक संबंध अच्छे करें, कुछ करके दिखा सकेंगे, लिखित परीक्षा में समस्या होगी, वाहन से कहीं जा रहे हैं तो पुलिस रोक सकती है। भाग्य प्रतिशत-65

**तुला:** प्रेम की कमी महसूस करेंगे, इवेंट मैनेजमेंट, कॉस्मेटिक कम्पनी में जॉब लग सकती है, जीवनसाथी के करियर में परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक:** बुरी स्तिथि टल जाएगी, पाचन तंत्र का ख्याल रखे,ऑफिस में काम के लिए तारीफ मिलेगी, संतान के जीवन में उठापटक से तनाव होगा। भाग्य प्रतिशत-54

**धनु:** परिवार की एकता पर फोकस करे, किसी दूसरे के मोहपाश में ना बंधे,किराए से आय बढ़ेगी, नया वाहन ले सकते है। भाग्य प्रतिशत-70

**मकर:** अच्छे लोगों से मित्रता होगी, कला के क्षेत्र में पहचान मिलेगी, व्यवसाय में संघर्ष बढ़ सकता है, नई प्लानिंग पर काम करते रहे। भाग्य प्रतिशत-58

**कुंभ:** खाली बैठने में परेशानी होगी, कर्जे बढ़ सकते है, योजनाएं भी दिमाग में चलती रहेगी, मन दुविधा में ज्यादा डालेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन:** शिक्षा में संघर्ष बढ़ेगा, ज्यादा परिश्रम करना पड़ सकता हैं, संतान बाहर है तो उसकी चिंता रहेगी। भाग्य प्रतिशत-49



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# एसएसपी द्वारा पुलिस कार्यालय पर की गई जनसुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा पुलिस कार्यालय पर प्रतिदिन की भाँति जनसुनवाई की गई एवं आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध त्वरित निस्तारण हेतु अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये गये।

# किसी के बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व



अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी।

इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श (counselling@support) की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको counselling@support मिल सके।

# गुमशुदा बच्चे को पुलिस ने चार घण्टों के भीतर तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** विगत 12 मई को पंकज अहेरिया पुत्र जोगेन्द्र अहेरिया निवासी नगला खारी जिसकी उम्र करीब 10 वर्ष अपने घर के सामने खेलते हुए अपने माता पिता से बिछडकर कही चला गया, जिसकी सूचना बच्चे के परिजनों द्वारा बरला पुलिस को दी गई

जनपद में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी एवं रास्ता भटके हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बरला के पर्यवेक्षण में थाना बरला पुलिस द्वारा द्वारा तत्परता व सजगता दिखाते हुए कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास से आस-पास के इलाकों, गली-मौहल्लों में कैमरों की मदद से गुमशुदा बच्चे को तलाश करते हुये मात्र चार घण्टों के भीतर उपरोक्त बच्चे को मुजीब खाँ पुत्र बजरुद्दीन निवासी नानऊ थाना अकराबाद अलीगढ की चाय की दुकान बेवफा चाय वाला, कानपुर हाईवे के पास नानऊ से सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया। इस दौरान परिजनों द्वारा अपने बच्चे को सकुशल पाकर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# एसपी क्राइम ने ऑपरेशन जागृति के अन्तर्गत विधार्थियों को किया जागरुक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील द्वारा ऑपरेशन जागृति फेज-4 के अन्तर्गत मदर्स टच सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तालानगरी थाना हरदुआगंज में आजाद फाउंडेशन के सहयोग से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं एवं विधालय स्टॉफ को महिलाओं के प्रति अपराध के बचाव, महिलाओं को मोहरा बनाकर की जाने वाली एफआईआर के दुष्प्रभाव व साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। जिसके अनुपालन में



जनपद में ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं व बालिकाओं एवं आमजन को जागरुक किया जा रहा है।

ऑपरेशन जागृति फेज-4 के 06 मुख्य बिन्दुओं महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के प्रति जागरूकता, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठी एफआईआर दर्ज करने की प्रवृत्ति, साइबर अपराध एवं उससे बचाव, किशोरावस्था में दोस्ती, लगाव या आकर्षण के कारण घर छोड़ने पर होने वाले दुष्प्रभाव, नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे बचाव व पारिवारिक विघटन के कारण एवं उनसे बचाव पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह, यूनिसेफ से नासिर अली खान, निरीक्षक श्रीमती सरिता सिंह, एसएसआई हरदुआगंज विदेश राठी, उपनिरीक्षक भीम सिंह, साइबर थाना से उपनिरीक्षक श्रीमती कुसुमलता, उपनिरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक अर्चना सहित अन्य पुलिसकर्मी आ0 विशेष कुमार, आ0 मयंक गौतम, आ0 विपिन त्यागी, आ0 सचिन कुमार, महिला आरक्षी अलका शर्मा, म0आ0 संध्या भारद्वाज एवं म0अ0 मिनाक्षी तथा स्कूल की प्रधानाचार्य आरती मित्तल कार्यक्रम का संचालन आजाद फाउंडेशन की सचिव शाजिया सिद्दीकी द्वारा किया गया।

# मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने शुरू की विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नोएडा ने अलीगढ़ स्थित कुमार नर्सिंग होम में अपनी विशेष ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। यह सुविधा कैंसर से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करेगी। यह ओपीडी सेवा मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ0 आशीष गोयल की उपस्थिति में शुरू की गई। डॉ0 आशीष गोयल अब प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कुमार नर्सिंग होम, बी-विंग (नया विंग), रामघाट रोड, अलीगढ़ में ओपीडी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ0 आशीष गोयल ने कहा कैंसर के बढ़ते मामलों से यह स्पष्ट होता है कि हमें इसकी समय रहते पहचान और रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने की आवश्यकता है। हमारी विशेषज्ञ टीम और




चिकित्सकीय कौशल का उद्देश्य मिनिमल इनवेसिव और रोबोटिक कैंसर सर्जरी, प्रिसीजन रेडिएशन थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी जैसे नवीनतम तकनीकों के माध्यम से सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करना है। आधुनिक रोबोटिक सर्जरी ने कैंसर के उपचार में एक इनोवेटिव दृष्टिकोण प्रदान किया है। डॉ0 आशीष ने आगे कहा यह प्रयास मरीजों को कैंसर की समय पर पहचान और बेहतर इलाज के माध्यम से लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। देर से निदान होने पर इलाज लंबा खिंचता है जिससे खर्च बढ़ता है और परिणाम कम प्रभावशाली होते हैं। खासकर सिर और गर्दन के कैंसरों में अगर समय रहते पहचान हो जाए तो उपचार के अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इसलिए कैंसर के प्रति जागरूकता बेहद आवश्यक है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नोएडा में स्पेशलाइज्ड यूनिट्स के माध्यम से मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत कीमोथेरेपी प्रदान की जाती है। गंभीर कैंसर मरीजों को भी उपचार के बाद बेहतर जीवन गुणवत्ता के साथ आशा मिलती है। इसके अतिरिक्त, ट्यूमर बोर्ड जैसी व्यवस्थाएं विभिन्न विशेषज्ञताओं के बीच लेटेस्ट अकादमिक नॉलेज और अपडेट्स जानकारी साझा करने का एक सशक्त मंच भी प्रदान करती हैं, जो किसी एक विभाग में संभव नहीं हो पाता है।

# पुलिस ने एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गभाना पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र धर्मपाल सिह निवासी नगला नत्था थाना गभाना जिला अलीगढ़ को दो ड्रोन कैमरे, एक फोटो कैमरे, तीन वीडियो कैमरे व कैमरे की बैटरी एंव चार्जर के साथ तहसील तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।



## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो पुलिया से टकराया दो की हालत गंभीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**अलीगढ़।** सोमवार की देर रात बदायूं से गुड़गांव जा रहा एक ऑटो पुलिया से टकरा गया, हादसे में नौ लोग घायल हो गए, घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, गुड़गांव निवासी बबलू का परिवार बदायूं में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वे ऑटो से वापस गुड़गांव जा रहे थे। दिल्ली-कानपुर नेशनल हाईवे 34 पर चालक को नींद की झपकी आ गई, इसी दौरान ऑटो गोपी क्षेत्र में एक पुलिया से टकरा गया। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। एक महिला समेत दो लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जेएन मेडिकल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अकराबाद डीके सिसोदिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर भेजा गया, सभी घायलों का इलाज जारी है, चालक की नींद की झपकी के कारण यह हादसा हुआ।



### सीनियर डॉक्टरों ने प्रमोशन की मॉग को लेकर की हड़ताल शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सीनियर डॉक्टरों ने प्रमोशन की मॉग को लेकर हड़ताल शुरू कर दी, जेएनएमसी और तिब्बिया कॉलेज के लगभग 80 डॉक्टर इस हड़ताल में शामिल हैं। डॉक्टरों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से उनका प्रमोशन नहीं हुआ



है। जबकि जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय और बीएचयू में डॉक्टरों को प्रमोशन मिल चुका है। डॉक्टरों ने कई बार अमुवि की वाइस चांसलर व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजे।

सीनियर डॉक्टर दीवान असरार के अनुसार डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन स्कीम में देरी हो रही है, वाइस चांसलर ने तीन दिन में समाधान का आश्वासन दिया है। डॉक्टर दस दिन तक प्रतीक्षा करेंगे, तो वहीं मॉग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। मेडिकल छात्रा अदीबा नसीब ने बताया कि हड़ताल से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्र अपने शिक्षकों के समर्थन में हैं और चाहते हैं कि उनकी मॉगें जल्द पूरी हों ताकि शैक्षणिक गतिविधियां फिर से शुरू हो सकें।

# रेलवे स्टेशन पर नशेड़ियों ने मचाया उपद्रव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर रात



नशेड़ियों के दो गुटों में विवाद हो गया इस दौरान दोनों पक्षों में बेल्टों से मारपीट हुई तो वहीं बीच-बचाव करने आए किन्नरों से भी नशेड़ियों ने हाथापाई कर दी। घटना में किन्नरों ने नशेड़ियों को पीटकर पुलिस को सूचना दी, पुलिस के पहुंचने पर अधिकतर नशेड़ी भाग गए, इस घटना के विरोध में किन्नरों ने जीटी रोड पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया, पुलिस के आश्वासन के बाद वे शांत हुए। तो वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर में नशेड़ियों का 24 घंटे जमावड़ा रहता है, ये यात्रियों से बदसलूकी करते हैं। विरोध करने पर ब्लेड या नुकीले हथियारों से हमला कर देते हैं, नशेड़ी अक्सर चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार पुलिस से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नशेड़ी दिनभर नशा करते हैं और फिर स्टेशन परिसर व जीटी रोड पर उपद्रव मचाते हैं।

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अधीन संचालित विद्यालयों में अनियमितताओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो होगा जोरदार आंदोलन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** किसान मजदूर संगठन का प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की शिकायत जिलाधिकारी महोदय से की उन्होंने कहा कि देश में बच्चों की शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने हेतु बर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया गया था जिसके तहत 6 से 14 आयुवर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है, इस अधिनियम के लागू होने के उपरांत समाज में आर्थिक रूप से परिवारों के बच्चों के लिए निजी क्षेत्र एवं स्वैच्छिक क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में 25 प्रतिशत सीटे आरक्षित है । जनपद -अलीगढ़ में निजी क्षेत्र/ स्वैच्छिक क्षेत्र के अधिकतर विधालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत बनाए गए नियमों की अनदेखी कर गरीब परिवार के बच्चों को फीस का भुगतान न कर पाने की दशा में,



छात्रों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रत्याड़ित कर विधालय से वापस घर लौटा देते हैं।

**वर्तमान में एक प्रकरण हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 9 के छात्र युग पुत्र अमित सिंह से सम्बंधित है**

युग के नाना बाबूलाल जी ने बताया कि छात्र के माता पिता नहीं है तथा वह अपने नाना नानी पर आश्रित होकर पढ़ाई कर रहा है बर्णित स्थिति में छात्र के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण, अभिभावकों ने विधालय प्रशासन से "फीस में छूट" की मांग की जिसे विधालय प्रबंधन ने "नकार" दिया बर्णित स्थिति में छात्र के अभिभावक द्वारा टुकड़ों में फीस जमा करनी चाही तो विधालय प्रबंधन द्वारा टुकड़ो में फीस जमा करने से मना कर दिया गया।जब छात्र माह- अप्रैल में फीस जमा नहीं कर पाया तो स्कूल प्रशासन ने उसे 3 मई 2025 को अन्य बच्चों के सामने अपमानित करते हुए स्कूल से बिना अभिभावकों को बताए ही घर वापस भेज दिया ।

## सफाई व्यवस्था | शहर में विकास की धारा को कोने कोने में बहाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया

# शहर की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगे नए कचरा उठाने वाले वाहन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महापौर प्रशांत सिंघल की अगुवाई वाले वर्तमान नगर निगम बोर्ड के दो साल पूर्ण होने के अवसर पर महापौर प्रशांत सिंघल ने करोड़ों रुपए की धनराशि से शहर की साफ सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 221 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तो वही लगभग 1.5 करोड़ की लागत से तीन मिनी नलकूपों का भी उद्घाटन किया। 13 मई को वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में महापौर प्रशांत सिंघल, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा, उप सभापति दिनेश जादौन सहित नगर निगम पार्षदों की मौजूदगी में नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने बताया शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाए जाने की दिशा में नगर निगम द्वारा बोर्ड गठन के दो वर्ष शानदार पूरे होने के अवसर पर लगभग 1894.59 लाख के 221 वाहन को हरी झंडी दिखायी। इन वाहनों में 40 सी एन जी फोर व्हीलर छोटे कचरा टिपर जिनकी कुल धनराशि रु 395.88 लाख है 130 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर छोटे कचरा टिपर जिनकी कुल धनराशि रु 713.934 लाख है 10 सी एन जी खुले डंपर जिनकी कुल धनराशि रु 98.97 लाख है 8 खुले हायवा डंपर टिपर ट्रक जिनकी कुल धनराशि रु 376.88 लाख है 1 रोड स्वीपिंग मशीन जिसकी कुल धनराशि रु 69.80 लाख है 20 खुले डंपर जिनकी कुल धनराशि रु 197.94 लाख है पथ प्रकाश के लिए 2 स्काई लिफ्ट जिनकी कुल धनराशि रु 41.19 लाख है। उन्होंने बताया शहर की तंग गलियों में पेयजल की किल्लत को देखते हुए नगर निगम द्वारा तुरंत पानी का टैंकर भिजवाने बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन




इस बार नगर निगम द्वारा तंग गलियों को ध्यान में रखते हुए जलकल के लिए 8 पानी के टेंकर एवं 2 एसएलसीएम वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया गया अब 1000 लीटर की क्षमता के छोटे टैंकर छोटी-छोटी गलियों में आसानी से जा सकेंगे। शहर में पेयजल आपूर्ति को प्रभावी बनाने की दिशा में महापौर ने जीटी रोड ब्लू बर्ड स्कूल के ठीक सामने पुराना गांधी पार्क बस स्टैंड के निकट और गूलर रोड फायर ब्रिगेड कॉलोनी निकट पोखर के पास लगभग 1.5 करोड़ की लागत से तीन नए मिनी नलकूप की सोगात भी शहरवासियों को दी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के नेतृत्व में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक अभियंता सिब्ते हैदर देशदीपक अहसान रब, अर्बन कम्पनी से एहसान सैफी, रीतेश, नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना महामंत्री मानवेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने हैबिटेट सेंटर में पहुंचकर महापौर व पार्षदो को शानदार दो साल के कार्यकाल पर बधाई दी और शहर में विकास की धारा को कोने कोने में बहाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर योगेश सिंघल, राकेश ठाकुर, अनिल कुमार सेंगर, संजय पंडित, मोहम्मद हाफिज अब्बासी, नीलाफेर, दीपू शर्मा, असलम नूर उस्मान, जीनस मोहम्मद, नदीम खां, हरीश कुमार, मुशरर्फ हुसैन, नूर अब्बासी, तबस्सुम, आसिफ शाहिद अली, योगेंद्र पाल सिंह, उम्मेद आलम, नईम अहमद, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, सुभाष शर्मा, शबाना असलम, राज बहादुर, छोटेलाल शर्मा, मोहम्मद गुलजार, हारून अब्दुल मूतलिब, बॉबी कुमार, सुनील कुमार, राजकुमार, पवन कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, दिनेश भारद्वाज, सुरेंद्र प्रताप, विनीत कुमार, निरंजन सिंह, मोहम्मद शाकिर, इमरान खां, मनोज कुमार, राकेश ठाकुर, लाल सिंह, अंशु अग्रवाल, वीनेश, नसी अहमद, दिनेश कुमार, आजाद सिंह, महावीर सिंह, अगन लाल, विनोद कुमार, करन, सूरज, हरिओम कुमार समेत आदि पार्षदगण मौजूद थे।

# राष्ट्रवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किसानों, युवाओं व आम आदमी की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** प्रदेश के तमाम प्राइवेट स्कूल मनमाने ढंग से हर साल फीस बढ़ाते हैं। जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है। राष्ट्रवादी पार्टी इस पर तत्काल प्रभाव से लगाम लगाने की मांग करती है और यह भी मांग करती है कि 5 साल में एक बार ही फीस की समीक्षा की जाय। छुट्टा पशुओं के निराकरण हेतु सरकार द्वारा अतिरिक्त धन प्रशासन को मुहैया कराया गया लेकिन धरातल पर स्थिति नहीं बदली है। किसान और आम लोग आज भी परेशान है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए त्वरित रूप से समाधान किया जाये। सभी बेरोजगार युवाओं को सरकारी, अर्द्ध सरकारी या प्राइवेट नौकरी व रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इन्वेस्टर समिति 2023 में 01 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का सरकार का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है सभी राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाये उत्तर प्रदेश के सभी संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थाई तौर पर नियुक्त किया जाये अधिकांश ग्राम पंचायतों में गरीब व पात्र व्यक्तिओं को ग्रामीण आवास नहीं मिल पा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव का नियन्त्रण है जिससे हेरा फेरी हो रही है। इस मामले की जांच कराकर पात्र व्यक्तियों को जल्द से जल्द ग्रामीण आवास दिलाये जाएं। ग्रामीण अंचल में घरौनी बनाने में पैमाईश और सर्वे को लेकर कई समस्याएं आ रही हैं। जिससे घरौनी का कार्य बहुत धीमा चल रहा है। इसमें तेजी लायी जाय ताकि घरेलू विवादों का निपटारा शीघ्र किया जा सके विगत वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जब न्यायालय से सम्बंधित कार्यवाही के अनुपालन में अधिवक्ताओं की हत्याएं तक हो गई हैं। अधिवक्ता एसोसिएशन की तरफ से राष्ट्रवादी



पार्टी की यह मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द पारित किया जाए, जिसे अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द पूरे प्रदेश में लागू करने का काम किया जाए। सम्पूर्ण प्रदेश में सभी बड़े चौराहों पर ट्रैफिक जाम से जनता त्रस्त है। जनता का बहुमूल्य समय और पेट्रोल सिर्फ सिग्नल का इंतजार करने में बर्बाद हो रहा है। जिससे प्रदेश के लोगों की प्रगति रुकी हुई है। हर बड़े चौराहे पर गोलाकार पुल बनाकर इस समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जाए ताकि उत्तर प्रदेश प्रगति की राह पर त्वरित गति से आगे बढ़ सके गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। इस स्थिति में भी पूरे प्रदेश में बिजली की कटौती लगातार जारी है जो कि लोगों के लिए निराशा का विषय है। इस समस्या को निदान करते हुए पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने की व्यवस्था लागू की जाए ताकि आम जनमानस को इस भीषण गर्मी से राहत मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान, जिला अध्यक्ष अतीक अहमद इदरीसी, मोहम्मद यूनुस जिला उपाध्यक्ष, मकसूद आलम विधानसभासचिव, आबिद अंसारी विधानसभा अध्यक्ष, अतुल गौतम, राहुल गौतम जिला सचिव, दीपक गौतम, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का निर्देश: प्राणी उद्यानों में बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए उच्चतम सतर्कता बरती जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में H5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने निर्देश

- **कर्मचारियों को पीपीई किट और प्रशिक्षण सुनिश्चित करें, बाड़ों की ड्यूटी रिस्क के अनुसार तय हो: मुख्यमंत्री**
- **पोल्ट्री फार्मों और उत्पादों की आवाजाही पर विशेष निगरानी के निर्देश**
- **स्वास्थ्य विभाग एवियन इंफ्लुएंजा के मानव प्रभावों की गहन समीक्षा करेः- मुख्यमंत्री योगी**

दिए हैं कि प्रदेश के समस्त प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि H5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए



किया जाए और आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए, और उनके आहार की गहन जांच के उपरांत ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।

# चल रहे दस दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने सीखी विभिन्न कलाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के बजोई रोड स्थित एस एस इंटरनेशनल स्कूल में जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वाधान में चल रहे २,10 दिवसीय समर कैंप के चौथे दिन विभिन्न प्रकार की विधाएँ सिखाई गई। सर्वप्रथम ग्रुप की अध्यक्ष अनीता सक्सेना व फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। .समर कैंप में बच्चों ने ब्यूटीशियन की प्रशिक्षका आरती से आइब्रो का धागा चलाना ,मेहंदी की प्रशिक्षका शिवानी ने मोर का डिजाइन बनाना ,डांस की प्रशिक्षकों -शगुन उपाध्याय, मनु यादव व मनु यादव ने स्वीटी तेरा ड्रामा गाने पर डांस की प्रेक्टिस , क्रॉफ़्ट की प्रशिक्षका जागेश यादव ने पेन होल्डर बनाना सिखाया । बच्चों में इस समर कैंप के प्रति सीखने की लगन दिखाई दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता सक्सेना व संचालन रजनी गुप्ता ने किया । इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल, अध्यक्ष अनीता सक्सेना, डी ओ ए रजनी गुप्ता, नीरू गोयल, आर्निका सक्सेना,शगुन उपाध्याय,मनु यादव,पिंकी, वंशिता वार्ष्येय । दुर्गेश यादव जागेश यादव ,वंदना आदि ।

# विवेक शर्मा ने कांठ थाना प्रभावी निरीक्षक कार्यभार ग्रहण किया, लोगों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता : विवेक शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा आज किए गए थाना प्रभारी निरीक्षकों के तबादलो में अब कांठ थाने की कमान ठाकुरद्वारा से आए प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा के हवाले की गई है जबकि कांठ थाने के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह को मुरादाबाद कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। एसएसपी ने प्रशासनिक समायोजन एवं रिक्त स्थान की पूर्ति और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने हेतु विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षकों को इधर से उधर किया है जिसमें अब ठाकुरद्वारा के प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा को कांठ थाने की कमान मिली है विवेक शर्मा ने आज थाने पहुंचकर अपना कार्य भार ग्रहण किया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम



रखने को प्राथमिकता दिए जाने एवं लोगों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहने का भरोसा दिलाया।

# फेसबुक अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद व झंडा फहराने का वीडियो किया शेयर पुलिस ने किया अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** थाना देवरनिया क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर के मोहम्मद साजिद पुत्र शहजादे ने अपने फेसबुक अकाउंट से पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान का झंडा लहराते हुए जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए जा रहे हैं उसका वीडियो शेयर कर दिया जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर यूजरों के पास पहुंचा उसे पर प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई उसी क्रम में हिंदू जागरण मंच युवा जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने एक्स के माध्यम से बरेली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई उक्त युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा ऐसे लोग भारत में रहते हैं और भारत दुश्मन पाक का गुणगान करते हैं जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिस पर देवरिया पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए उक्त युवक




के विरुद्ध सुसंगत धाराओ 197 (1)(f),353(2 )में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसको अरेस्ट कर लिया गया पुलिस की गिरफ्त में आते ही आरोपी की भाषा ही बदल गई जिसमें वह जोर-जोर से चिल्ला रहा है,पाकिस्तान मुदार्बाद ।

बताते चलें वर्तमान में दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है अभी हाल ही में पहलगाम में पाक पोषित आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी तभी से दोनों देशों के बीच तनाव इतना बड़ गया है की दोनों तरफ से युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को भी अंजाम दिया गया और ऐसे में इस प्रवृत्ति के निकम्मे हरकत करके अपनी नीची मानसिकता का परिचय दे रहे हैं ऐसी मानसिकता देश के अंदर कतई स्वीकार्य नहीं है ऐसे लोगों पर प्रशासन कठोर कार्रवाई करें।

## सीबीएसई बोर्ड का 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित

# इंटरमीडिएट में जिला टॉपर बनी अवीशी व अंशिका, दोनों ने संयुक्त रूप से 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अंशिका सिरोही व डीपीएस स्कूल की छात्रा अवीशी अग्रवाल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिला टॉप कर अपने कालेज व

- **हाईस्कूल में 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिधि बनी जिला टॉपर**
- **जिला टॉपर स्टूडेंट्स ने सफलता का श्रेय शिक्षकों व परिजनों को दिया**
- **शिक्षक व प्रधानाचार्य ने टॉपर स्टूडेंट्स के उज्वल भविष्य की कामना की**

अभिभावकों का नाम रोशन किया है। जबकि हाईस्कूल में दीवान पब्लिक स्कूल की छात्रा ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने जिला टॉपर स्टूडेंट्स को मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



अवीशी अग्रवाल



कालेज के टॉपर अनुष्का को मिठाई खिलाते प्रबन्धक व अन्य



अनुष्का सिरोही,



परिधि जैन



अवीशी अग्रवाल को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य मीना आनंद

मंगलवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें हापुड़ शहर के जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अनुष्का सिरोही ने 99.4 प्रतिशत व दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा अवीशी अग्रवाल ने भी 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिला टॉपर छात्रा बनी है।

जनपद टॉप कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। जेएसएस वर्ल्ड स्कूल के प्रबन्धक आयुष सिंघल व प्रधानाचार्या निधि मलिक ने संयुक्त रूप से कहा कि सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत,शिक्षकों की समर्पित अध्यापन शैली और माता पिता के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने केक कटवाकर बच्चों का मुंह मीठा कराया साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सीबीएसई बोर्ड में हाईस्कूल में मेरठ रोड स्थित दीवान पब्लिक स्कूल की छात्रा परिधि जैन ने 99.40 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर छात्रा बनी है। जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों व अपने अभिभावकों को दिया है। अभिभावकों व शिक्षकों ने परीक्षा की तैयारी करने में पूर्ण सहयोग किया था। प्रधानाचार्या व शिक्षकों ने टॉपर व उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। समाचार लिखे जाने तक कालेजों में कालेज टॉपरों बच्चों की घोषणा करने की तैयारी कर रहे है।

# माई भारत ने युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए किया आमंत्रित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । राष्ट्रव्यापी अभियान युवाओं को राष्ट्रीय आपात स्थितियों और संकट के समय अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा प्रशिक्षित और जिम्मेदार स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित घटनाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की प्रभावी सहायता कर सके।

देश के वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, एक मजबूत समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक

- **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक अहम पहल**
- **देशभर के युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए किया जा रहा प्रेरित**

महसूस की जा रही है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक स्थानीय प्रशासन को बचाव और निकासी, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन देखभाल, यातायात और भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा तथा आपदा पुनर्वास जैसी सेवाओं में सहयोग देकर इस आवश्यकता को पूरा करते हैं। इस दिशा में माई भारत की यह पहल युवाओं को संगठित कर उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने की कोशिश है। नामांकन की प्रक्रिया सरल और सुगम है माई भारत द्वारा बुलंदशहर जिले में यह अभियान भी सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है, जिसके लिए जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित से संपर्क किया जा सकता है।

# बढ़ते जाम से लोग हुए परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर में बढ़ते जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसमें मुख्य रूप से ब्रह्म बाजार ,बड़ा बाजार, बिसौली गेट,घंटाघर, संभल गेट, फुव्वारा चौक आदि जैसे स्थानो पर जाम लगने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसमें मुख्य रूप से जाम का कारण बढ़ती गाड़ियां के साथ अन्य बड़े बाहन व ई रिक्शा है। जिनकी वजह से जरा जरा देर पर जाम लग जाता है हालांकि यातायात पुलिस द्वारा जाम से निजात दिलाने के लिए नगर के हर तिराहे चौराहे पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। लेकिन अधिक जाम को देख उनके भी हाथ पैर फूल जाते है। ऐसे में स्थानीय दुकानदारों व सड़क किनारे खड़े ठेले खोमचे द्वारा जाम को खुलवाने में मदद की जाती है। इस जाम से उस वक्त डर लगने लगता है जब जाम में फंसी एम्बुलेंस गाड़ी में बैठा व्यक्ति अपनी जान से लड़ रहा होता है इसलिए इस बढ़ते जाम से निजात दिलाने के लिए जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों को कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

**श्रद्धांजली**

## हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर किया वीर शहीदों को नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दीप जलाकर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की तथा हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए।

जनपद अमरोहा की नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला सादात में शाकिर मसूदी कांग्रेस जिला महासचिव सोशल मीडिया, शहाबुद्दीन सैफी पूर्व नगर अध्यक्ष माइनॉरिटी कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अपने वीर शहीद जवानों को दीप जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी। इसके साथ ही पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए कायराना हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कैंडल मार्च निकलते हुए हिंदुस्तान जिंदाबाद, वीर शहीद जवान अमर रहें, पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लगाए। इस




अवसर पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि हिंदुस्तान की सेना अपने पराक्रम एवं शौर्य के लिए विश्व भर में पहचानी जाती है। यदि पाकिस्तान ने आतंकवाद को शरण देना बंद नहीं किया तो उसका अंजाम पाकिस्तान को ही झेलना पड़ेगा। भारत का प्रत्येक नागरिक एक जुट होकर अपनी सेना के साथ खड़ा हुआ है। श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च में खासतौर पर शाकिर मसूदी, शाहबुद्दीन सैफी, फरमान मलिक, याकूब सैफी, फहीम अहमद, मोहम्मद शारिक, बिलाल अहमद, अजमे अब्बास, मोहम्मद जुबेर, हसरुद्दीन, नवाबुद्दीन, जुनैद अहमद, शाहवेज आलम, नूर मोहम्मद आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा कराया गया निःशुल्क भोजन वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित संयुक्त चिकित्सालय में रोटरी अमन द्वारा नवमा निःशुल्क भोजन वितरण क्लब के कोषाध्यक्ष रो0 मोहित अग्रवाल व उनके परिवार जनों द्वारा अपने स्वर्गीय पिता रामचन्द्र अग्रवाल की पुण्य स्म्रति में कराया गया। जहां लगभग 300 मरीजों के साथ अस्पताल स्टाफ के साथ सैकड़ो अन्य लोगों ने भोजन लिया।

क्लब के अध्यक्ष अमित अप्पू और क्लब सचिव अतुल गुड्डू ने कहा कि रोटरी अमन सामाजिक कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष अमित अप्पू , सचिव अतुल गुड्डू , कोषाध्यक्ष मोहित सर्राफ,भुवनेश वार्ष्णेय, गिरीश हीरो, विनय अग्रवाल,टीटेश काका,प्रदीप वार्ष्णेय,कमल किशोर,संजय अग्रवाल, राहुल टनाटन, पवन वार्ष्णेय,लोकेश वार्ष्णेय, विकास मेन्था,शरद गुप्ता,विपुल गुप्ता,संजीव अग्रवाल,नितिन राहोली,हैप्पी आर्य,विशाल अग्रवाल,मोहित जैन,दीपेश गुप्ता, राहुल अग्रवाल,स्वाति, सुभ्रा,रुपाली,गार्गी, श्वेता अग्रवाल आदि।



# जनकल्याण हेतु वन खंडेश्वर मन्दिर के महंत गीता गिरी बाबा 41 दिन की समाधि पर बैठे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र के नरौरा राजघाट में वन खंडेश्वर महादेव मंदिर के महंत गीता गिरी बाबा पंचदशनाम आवाहन अखड़ा वाराणसी वन खंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर के मैदान में गीता गिरी बाबा ने 41 दिन की समाधि ली है। साधुओं ने बताया है कि वह समाधि पर 11 बजे से 1 बजे तक पांच धुनी लगाकर उसके अंदर समाधि पर बैठते हैं सोमदत्त शर्मा माहत्मा ने कहा कि गीता गिरी बाबा जन कल्याण के लिए समाधि पर बैठे हैं। गीता गिरी बाबा को 14 दिन हो चुके हैं सेवादार राहुल गोस्वामी बुलंदशहर, विनोद कुमार यादव अकराबाद मंडलपुर, गेंदालाल अलीगढ़, रामकिशोर मिश्रा नवापुरा बदायूं, सोमदत्त शर्मा पोस्टमास्टर पिलखना सहित कई माहत्मा आदि सेवा में लगे हुए हैं।



# सीबीएसई रिजल्ट में छात्रों ने लहराया परचम, खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** मंगलवार की दोपहर जैसे ही सीबीएसई द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, नगर भर में खुशी की लहर दौड़ गई। एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों ने जब अपना रिजल्ट देखा, तो उनकी आंखों में आत्मविश्वास और चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर मिठाई खिलाकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

मंगलवार को जैसे ही सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) ने कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम दोपहर 12 बजे घोषित किया, नगर भर के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके लगभग एक घंटे बाद दोपहर 1 बजे दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिया गया। परिणामों के इंतजार में बैठे छात्र-छात्राओं ने जैसे ही पोर्टल पर अपने अंक देखे, वैसे ही उल्लास का माहौल बन गया। खासतौर पर नगर के एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों और अभिभावकों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस वर्ष स्कूल के दसवीं और बारहवीं के परिणाम बेहद संतोषजनक रहे। कक्षा बारहवीं में अधिकतर छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए, वहीं दसवीं कक्षा के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। इसमें बाल विद्या मंदिर के अविरल मदान ने इंटरमीडिएट में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि स्कूल में दूसरे स्थान पर तरंग श्रोत्रिए और तीसरे स्थान पर तबिंदा इरफान रहीं। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में महक ठाकुर ने 93.4 लाकर पहले, परी अग्रवाल ने 92.2 प्रतिशक अंक लाकर दूसरे और अराध्या ने 91.8 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिणामों की जानकारी मिलते ही छात्र अपने-अपने साथियों के साथ स्कूल पहुंचे और शिक्षकों से गले मिलकर अपनी खुशी साझा की। स्कूल की प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। ह्नहमारे स्कूल के बच्चों ने पूरे साल मेहनत की है, और आज उसका फल उन्हें मिला है। वहीं सेंट मैरी पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल में वकार मेहंदी की बेटी वजाहत जेहरा ने हाईस्कूल में 96 प्रतिशत अंक लाकर सिरसी का नाम रोशन किया। उधर, सिरसी मुहल्ला चौधरियान निवासी हुसैन नवाब नकवी की बेटी यूशा नकवी ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरादाबाद से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक पाकर कस्बे का नाम रोशन कर दिया है।







# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार नरेश कुमार की दर्दनाक मौत, एक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया गया है।

थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम सरकार परम निवासी नरेश कुमार पुत्र बालक राम उम्र 40 वर्ष अपने साथी विनोद कुमार 55 वर्ष के साथ बाइक पर बैठाकर अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में भात भरने जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम हीरापुर मिश्रीपुर एवं रामगंगा नदी के बीच में पहुंचे तो सामने से आ रहे एक वाहन ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे नरेश कुमार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसका साथी विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में उपचार के लिए भर्ती कराया। मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है'



# जल भराव की समस्या से निजात की मांग को लेकर मौहल्ले वासियों का प्र्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** वार्ड नंबर 11 और 12 में सड़के कच्ची है और लाइट की भी व्यवस्था नही है। सड़क पर जलभराव रहता है जिसकी वजह से बच्चे स्कूल भी नही जा पा रहे है। और लाइट की व्यवस्था न होने से गर्मी में लोगो का जीना मुहाल हो रहा है लेकिन वार्ड के सभासद और नगर पालिका इस और कतई ध्यान देने को तैयार नही है। पालिका का घेराव करने वाली महिलाओं का आरोप है कि वार्ड की समस्या लेकर जब वार्ड 11 और 12 के सभासदों के पास जाते है तो एओ दूसरे पर टालते हुए सभासद अपना पल्ला झाड़ लेते है। मंगलवार को दर्जनों महिलाएं व पुरुष एकत्रित होकर नगर पालिका परिषद पिलखुवा पहुचीं और उन्होंने पालिका का घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते लोग परेशान हो रहे है। वार्ड के दोनों सभासदो को जैसे ही महिलाओ द्वारा पालिका के घेराव की सूचना मिली तो वे पालिका पंहुचे और लोगो की जन समस्याओं को पालिकाध्यक्ष विभू बंसल के समक्ष रखी जिसके बाद पालिकाध्यक्ष ने लोगो की समस्याओं को जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। तब कही जाकर महिलाएं शांत हुई और अपने घरों की ओर लौट गई। प्रदर्शन के दौरान शबाना, हुस्न बानो, मुफिदा, जायदा, शाहीन, छोटी, सायरा, नजराना, शबनम, भूरी, कल्लो, शाहरुख, सरफराज, आबिद, अनस, हमजा, फुरकान, सोफियांन, आंसू, इमरान समेत अनेक लोग मौजूद रहे।





## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के झिटकरी गांव से अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने झिटकरी गांव में अंबेडकर भवन के पास से एक युवक को अवैध 315 बोर का देसी तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम दीपांशु निवासी ग्राम झिटकरी बताया हैं। पुलिस ने युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।



# तमंचा व कारतूस सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**अलीगढ़।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्र रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकराबाद पुलिस ने एक अभियुक्त शाकिर पुत्र नजीर निवासी कस्बा पिलखना थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ जिरौली यात्री शेड के करीब से गिरफ्तार किया।



# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने किया सरधना टॉप,बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित होते ही मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रिजल्ट देखने के बाद छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाई।प्रधानाचार्य डा० रोहित मेहरा, डायरेक्टर प्रीतीश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक शाल्विक जैन, शिवानी जैन एवम शिक्षक गणो ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।साइंस स्ट्रीम में प्रथम प्रीत सोम (93.6%), द्वितीय मयंक सोम (91.4%), तृतीय आयुष सैनी (87.6%), कॉमर्स स्ट्रीम में प्रथम श्रद्धा राणा (88.2%), द्वितीय सक्षम जैन(80.2%), तृतीय हितांशी त्यागी (73.6%)और ह्यूमैनिटी में प्रथम रितिका तालियान (96.6%), द्वितीय क्रिस्टी चौधरी (83.4%)? व?? तृतीय आस्था त्यागी (68.2%), कक्षा दस से प्रथम अनंत (93.6%), द्वितीय आगम जैन (?92%), तृतीय अंशिका जैन? (87.4%) ने अपने स्कूल और अपने पैरेंट्स का नाम रोशन किया। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मुंह मीठा किया। सभी ने एक दूसरे को मुबारक बाद दी। विद्यालय के डायरेक्टर प्रीतीश कुमार सिंह, प्रबंधक शाल्विक जैन,शिवानी जैन और प्रधानाचार्य डा० रोहित मेहरा ने बच्चों की इस उपलब्धि का श्रेय उनके कठिन परिश्रम एवं अभिभावको, अध्यापको के पथ प्रदर्शन को दिया। सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







# संतोष हॉस्पिटल द्वारा 53 गाँवो के सम्मान, अत्यआधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद के तत्वावधान में ब्लॉक भोजपुर,(गाजियाबाद) मे 53 गाँवो के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे चीफ गेस्ट रही श्रीमती सुचिता सिंह और आशीष चौधरी, कृष्णवीर हुण मीटिंग में 53 गांवो के प्रधान उपस्थित रहे, जिन्हें संतोष मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। सभी ग्राम प्रधानों का संबोधन व आभार व्यक्त करते हुए ISR हेड डॉ.श्वेता चौधरी ने संतोष हॉस्पिटल (गाजियाबाद) के दूरदर्शी योजनाओं और उनसे लाभ कैसे लिया जाये विस्तार से जानकारी दी , संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद अत्यआधुनिक तकनीक के द्वारा न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है , सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की विस्तार से चर्चा की ,और विभिन्न विभाग कार्डियोलॉजी ,नेफ्रोलॉजी गैस्ट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी , न्यूरोसर्जरी, पलमोनरी,जनरल सर्जरी, के विषय में जानकारी देते हुए कहां की दिल्ली एन.सी.आर. में संतोष हॉस्पिटल न्यूनतम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करा रहा है ,और चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से अपनी चिकित्सय सेवाओ में विस्तार कर रहा है ,क्रफ हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी ने सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को हॉस्पिटल की सुविधाओं की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया अस्पताल की सेवाओं को जन समुदाय तक पहुंचाएं। सभा में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों का पूर्ण सहयोग और समर्थन मिला ,और वर्तमान में गांवो में दी जा रही अस्पताल की जन स्वास्थ्य सेवाएं ,जिसमें मरीज को बस द्वारा गांव से अस्पताल फ्नि:शुल्क ले जाना और वापस निशुल्क छोड़ना और न्यूनतम दरों पर इलाज देने के लिए,ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह व आशीष चौधरी ,वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण वीर हुंन व ग्राम प्रधानों ने संतोष हॉस्पिटल की प्रशंसा और उज्जवल भविष्य की कामना की , संतोष हॉस्पिटल के नाम प्रतीक चिन्ह देते हुए हॉस्पिटल , का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया,व अनुरोध किया इसी तरह से अस्पताल सामान्य और गरीब जनों को अपनी सेवाएं न्यूनतम दरों पर प्रदान करता रहे, संतोष हॉस्पिटल की तरफ से आइ एस आर हेड डॉक्टर श्वेता चौधरी ने सभी ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया , स्वास्थ सेवाओं मे संतोष हॉस्पिटल अपनी सभी सेवाएं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करा रहा है ,और भविष्य में भी जन स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित है,संतोष हॉस्पिटल के द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का ग्राम प्रधानों ने बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया,प्रधान मीटिंग को सफल बनाने के लिएब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंहआशीष चौधरी वरिष्ठ समाजसेवीकृष्ण वीर वरिष्ठ समाजसेवीका विशेष योगदान रहा।और संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद स्टाफ क्रफहेड डॉक्टर श्वेता चौधरी, मार्केटिंग टीम के सदस्य सोनू भारती, सुमित कुमार , गुरदीप तेवतिया ,कपिल शर्मा, अनुज सूद, के नेतृत्व में प्रधान मीटिंग का सफल आयोजन हुआ।




## सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग आज करेंगी महिला जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा 14 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में एवं अपरान्ह दो बजे से गभाना तहसील में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के साथ ही सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका एवं महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला जनसुनवाई के दौरान पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ ही महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 27 मई तक करें आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति से अवगत कराया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 शासन के निदेर्शानुसार भारत सरकार से अधिकृत संस्था निलिट से मान्यता प्राप्त जनपद स्तर पर कार्यरत संस्थाओं के माध्यम से ओ-लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। उन्होंने कहा कि इच्छुक संस्थाएं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइटhttp:backwardwelfare-up-nic-in पर दिए गए लिंक एवं obccomputertraining-upsdc-gov-in के माध्यम से 13 मई से 27 मई के मध्य अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिन्ट आउट समस्त अभिलिखों एवं विवरणों के साथ संलग्न कर उसकी हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 27 मई की सांय 5 बजे तक उपलब्ध कराने पर ही आवेदन मान्य होगा। उन्होंने बताया कि योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी, दिशा-निर्देश एवं समय सारणी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इसके साथ ही अन्य जानकारी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

## छात्रों के लिए आयोजित होगें ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आगरा में 01 जून से 30 जून तक कलस्टर जिलों के जोनल मुख्यालय जिले द्वारा मेजबान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विधि के छात्रों के लिये ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज एवं पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि विधि के वह छात्र-छात्राएँ जो विधि विद्यालयों में विधि से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और वे आगरा में आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए इच्छुक हैं अपने विद्यालय के माध्यम से आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ को 23 मई तक उपलब्ध करा सकते है।

**उत्सव**

# शिव अवतारी बाबा गुरूगौरक्ष नाथ का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया

# उपाध्याय योगी समाज को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी मिले: संजय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** शिव अवतारी बाबा गुरूगौरक्ष नाथ का प्रकट उत्सव राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन के तत्वधान में मौहल्ला अटल बिहार शामली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया शामली नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय अशोक उपाध्याय शामली नगर संगठन टीम द्वारा आयोजन किया गया प्रकट उत्सव कार्यक्रम में शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, राष्ट्रिय अध्यक्ष संजय उपाध्याय मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य पवन उपाध्याय ने की, कार्यक्रम आयोजक व समाज के गणमान्य लोगों ने विधायक प्रसन्न चौधरी व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय का पकड़ी ओढ़ाकर फूल की माला पहनाकर सम्मान दिया,शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि बाबा गुरूगौरक्ष नाथ महान संत थे जिन्होंने पूरी दुनिया को जगाने का काम किया जनमानस में प्रेम भाव का संदेश देकर नाथ पंत की सनातन धर्म की रक्षा हेतु ज्ञान दिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बोलते हुए कहा कि गुरूगौरक्ष नाथ ने नाथ सम्प्रदाय की रक्षा के लिए घर घर जाकर अलक जगाकर सर्व धर्म का समय समय पर मार्गदर्शन देने का काम किया ऐस शिव अवतारी महान संत के लिए संगठन भारत सरकार से मांग करता है कि बाबा गुरूगौरक्ष नाथ बोर्ड आयोग का गठन हो सरकारी अवकाश घोषित हो, उपाध्याय योगी समाज को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी मिले व समाज पर होने वाले अत्याचारों को रोकने की मांग की, शामली नगर संगठन टीम ने सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की और रात्रि में बाबा गुरूगौरक्ष नाथ प्रकट उत्सव पर विशाल जागरण हुआ जिसमें बड़े बड़े कलाकारों ने भजन के माध्यम से उनके जीवन पर संगीत के माध्यम से प्रकाश डाला इस दौरान विनोद उपाध्याय, सलेकचंद उपाध्याय, राजकुमार उपाध्याय, संगठन मंत्री सुरेश उपाध्याय, कमल उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मबीर जोगी नोयडा, मास्टर छतरपाल जोगी, कृष्णपाल फौजी, श्रीमती कविता उपाध्याय, सन्दीप उपाध्याय, मास्टर पवन उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, रामकिसन उपाध्याय, ओमबीर उपाध्याय, डॉक्टर लाखनउपाध्याय,सन्तलाल योगी, डॉक्टर मनोज उपाध्याय, राजेश उपाध्याय,अरविंद उपाध्याय, आशीष उपाध्याय आदि।



# समाज के विभिन्न प्रतिभाशाली लोगों को मिला "कर्मवीर और श्रमवीर सम्मान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं- एक पहल मदद की 'द्वारा खुशहालपुर में एक बैंक्वेट हाल में समारोह में 46 लोगों को कर्मवीर व श्रमवीर सम्मान दिया गया। इसमें पुलिस कर्मी, चिकित्सक और नर्स भी शामिल रहीं। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने सभी को सम्मानित किया।समारोह में सबसे पहले सीमा पर शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों ने पावर योगा का प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया । मंच संचालन मोहित जैन ने किया। ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने खेलो इंडिया की रोनी को आगे की शिक्षा के लिए गोद लेने की घोषणा की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह खुशी की बात है कि ट्रस्ट की ओर से अब तक 45 बच्चों को गोद लिया गया है। समारोह में मंजू सिंह, अनामिक त्रिपाठी, पायल मल्होत्रा और डॉ. पूनम गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के संरक्षक राजेश रस्तोगी और करणवीर सिंह ने भविष्य की योजना बताई। राघव रस्तोगी, सतेंद्र गुर्जर, प्रबल पंत, आशीष चौधरी, गोपाल हरि, सुमित सैनी विजय शर्मा, नीता सक्सेना, प्रियंका भटनागर और मनीषा शर्मा ने आयोजन में सहयोग किया।इस दौरान कपिल कुमार, डॉक्टर अनुज अग्रवाल, उदय भान सिंह, शालू सैनी, नीरज कुमार, मनोज कुमार, धवल दीक्षित, प्रदीप शर्मा, प्रदीप सक्सेना, नीतू सक्सेना, प्रिंस चौहान आदि मौजूद रहे।इन्हें मिला कर्मवीर सम्मान चिकित्सकों में डॉ. राहुल जायसवाल, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. सीपी सिंह, सिविल पुलिसकर्मियों में उप निरीक्षक अनु अनुज कुमार (थाना सिविल लाइंस), लोकेशकुमार (मुगलपुरा), विवेक कुमार (नागफनी), आकाश (मूंढापांडे), राजकुमार (पाकबड़ा), पूजा यादव (मझोला), महिला आरक्षी आशा (महिला थाना), मुख्य आरक्षी




विजनेश (कटघर), रजत कुमार (गलशहीद) और महिला आरक्षी गीता (कोतवाली) को सम्मानित किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस की टीआई अनुराधा सिंघल, टीएसआई जसवीर सिंह,पुलिसकर्मी, चिकित्सक और नर्स शामिल, ट्रस्ट ने खेलो इंडिया में पहुंची रोनी को लिया लिया गोद 'नर्स अंशिका, रुचि, रूबी, सोनिया, सुसाना व संगीता को श्रमवीर सम्मान दिया गया। इसके अलावा महानगर में विशिष्ट जायके के लिए प्रसिद्ध अतुल गुप्ता (स्वीट्स), विशाल कुमार (मूंग दाल), मनोज कुमार (कैटरर्स) और शुभम व पौयूष को (अमृतसरी नान) और वेटर्स में पवन कुमार व राजीव कुमार को श्रमवीर सम्मान मिला। कुमार, हरिकेश सिंह, मुकेश कुमार, मोहम्मद यूनुस खान, मुख्य आरक्षी जयवीर सिंह, उत्तम कुमार, आरक्षी आकाश राठी और जितेंद्र को सम्मानित किया गया। निर्यातक निर्मल मेहता और मंच संचालन करने वाले पुनीत जैन को भी सम्मान मिला।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी )।** थाना सोनकपुर क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। सोनकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण महिला ने पुलिस को अवगत कराया की उसकी पुत्री को एक मई की रात में गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर कर भागकर ले गया है । पुलिस ने ग्रामीण महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर उसकी 19 वर्षीय पुत्री को भगाकर ले जाने के संबंध में एक युवक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# शासन के निर्देश पर " जन आरोग्य मेले में अब आयुष" विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आयुष विधा (आयुर्वेद, यूनानी व होम्योपैथी) के डॉक्टर अब हफ्ते में एक दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देंगे। हर रविवार को लगने वाले जन आरोग्य मेले में इनकी ड्यूटी लगेगी, जहां ये दवाओं के साथ परामर्श भी देंगे। शासन के निर्देश पर आयुष विधा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी कॉलेज के डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। अफसरों का कहना है कि जिन पीएससी पर ओपीडी की संख्या अधिक है, वहां आयुष विधा के डॉक्टरों की सेवाएं ली जाएंगी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार को लगता है जन आरोग्य मेला इनमें सभी चिकित्सकीय सुविधाएं दी जाती हैं। मेले में अभी तक एमबीबीएस डॉक्टर सेवाएं देते थे। शासन ने डिस्ट्रिक रेजीडेंसी प्रोग्राम के




तहत बीते माह जन आरोग्य मेले में रेजीडेंट डॉक्टर की सेवाएं लेना अनिवार्य किया था। अपर निदेशक मंडल के जरिये इसकी निगरानी हो रही है।स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि अब जन आरोग्य मेले में आयुर्वेद-यूनानी व होम्योपैथिक डॉक्टर भी सेवाएं देंगे। इसके लिए ड्यूटी लिस्ट तैयार की जा रही है। इसी माह के आखिर तक यह सुविधा मिलने लगेगी। विभाग के विश्वसनीय सूत्रों ने मंगलवार को "बुलंद संदेश" को बताय अब जन आरोग्य मेले में चार विधा एलोपैथ, होम्योपैथ, यूनानी व आयुर्वेद के डॉक्टर सेवा देंगे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल शिक्षा जरूरी: रामवीर सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारतीसैफी)।** सर्वहितकारी सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज रजाभड परिसर में बनी स्विमिंग पूल बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जिम का उद्घाटन कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह वह चंदौसी क्षेत्र अधिकारी अनुज चौधरी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पहुंचे कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक खेल शिक्षा अति आवश्यक है।

हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि गांव-गांव युवा खेलकूद में अपना मार्ग प्रशस्त करें। दूर दराज से आए ग्रामीणों ने विद्यालय के पूर्व प्रबंधक भंवर सिंह चौहान को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बेटे अजय चौहान द्वारा उनके कार्य को आगे बढ़ाने की सराहना की। विशेष अतिथि के तौर पर पहुंचे चंदौसी क्षेत्रअधिकारी अनुज चौधरी ने बच्चों को खेल से संबंधित टिप्स देते हुए कहा कि यदि कोई भी ग्रामीण बच्चा खेलकूद में देश का नाम रोशन करता





है तो राज्य व केंद्र सरकार खेल मंत्रालय कोटे से उसे सरकारी नौकरी देती है। इसलिए छात्रों को तीरंदाजी, निशानेबाजी, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग में अपना करियर बना सकते हैं।

प्रेम शांति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि किसी भी समाज और देश की तरक्की के लीये शिक्षा अति आवश्यक है इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को हर संभव प्रयत्न कर शिक्षा दिलानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक अजय चौहान ने विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से प्रधानाचार्य कुमारपाल सिंह, विजयपाल सिंह राघव, हर्ष चौहान ,विकेश, पुष्पेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान चन्दूरा अशोक सिंह एडवोकेट, महेश पाल सिंह, विनीत, शिवम राघव, महेंद्र सिंह, ठाकुर मुरली सिंह, भरत सिंह, चंदन सिंह, पप्पू डीलर, राम किशोर ,गणपत सिंह, राम अवतार, जुल्फिकार, इरशाद, चौधरी मुन्ना सिंह, चौधरी विजयपाल सिंह आदि सहित अनेको ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सत्येंद्र वीर सिंह सोम ने किया।

# उप निदेशक ने किया आरआरसी सेंटरों का निरीक्षण, 591 में सिर्फ 17% चलते मिले, अनेक सेंटर पर ताला बंद मिला, संबंधित को नोटिस जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर लाखों की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जिले की ग्राम पंचायतों में बने 591 आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) में से सिर्फ 100 संचालित मिले। 491 सेंटरों पर घास उग आई है। आरआरसी सेंटर का निर्माण कराने वाले जिला कंसल्टिंग इंजीनियर को उपनिदेशक पंचायत राज ने स्थिति में सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। उप निदेशक पंचायत राज अभय कुमार यादव ने बताया कि जिले के आरआरसी सेंटरों के हालात बेहद खराब है। उनके निरीक्षण में अधिकांश सेंटर बंद मिले हैं। जिसके बाद जिला कंसल्टिंग इंजीनियर सुधीर कुमार से जानकारी लेने पर




बताया कि 450 से अधिक सेंटर सक्रिय नहीं हैं। निरीक्षण में कई सेंटर वहां उगे घास से ढके मिले। इन सेंटरों पर ताला बंद रहा। उन्होंने बताया की आर आर सी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) की लागत अलग-अलग अनुमानित 4 से 6 लाख रुपये प्रति सेंटर है। इसमें जिला कंसल्टिंग इंजीनियर की लापरवाही साफ दिख रही है। इसके लिए उन्हें नोटिस जारी किया है। एक महीने में सेंटरों की स्थिति में सुधार न होने और उसे संचालित न करने पर कार्रवाई करेंगे।

# शासन के निर्देश पर शिविर का हुआ आयोजन,टीबी से बचाव के लिए लोगों को लगाया गया टीका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित



शिविर में टी बी से बचाव के लिए करीब 10 लोगों को टीका लगाया गया इसमें स्टाफ के लोग भी शामिल थे' डॉक्टर जगवीर ने बताया टी का हाई रिस्क बाले मरीजों को लगाया जाएगा। जैसे डायबिटिक, तंबाकू,अल्कोहल का सेवन करने वाले लोग,डायलासिस करा रहे मरीज आदि को लगाया जाएगा। जिससे उनके अंदर टीबी के संक्रमण का पता किया जाएगा। जिन लोगों को पॉजिटिव आयेगा उनका चेस्ट एक्सरे कराया जाएगा यदि किसी को एक्सरे पॉजिटिव आता है तो इसको टीबी को दवाई चलेगी। और जिसका एक्सरे ल्र्लीं३५ी होगा उसको टीबी प्रिवेंटिव थियरपी की दवाई चलेगी। जिसमे मरीज को हफ़्ते में एक बार दवाई खिलाई जाएगी। जो 12 हफ़्ते तक दी जाएगी। इससे बिना लक्षण वाले मरीजों को टीबी इन्फेक्शन मिलने पर उनको टीबी की बीमारी होने से बचाया जा सकेगा।इस अवसर पर मौजूद हैं डॉ. जगवीर सिंह (एसटीएलएस), निहाल खान (एसटीएस), चिरंजन (लैब टेक्नीशियन), पूनम (लैब टेक्नीशियन), बीपीएम चंद्रशेखर यादव आदि मौजूद थे ।


# सीबीएसई कक्षा 10 एवं 12 का परिणाम हुआ घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंगलवार को सी०बी०एस०ई० सत्र 2024-25 का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के प्रसिद्ध सेन्ट पॉल्स इन्टरनेशनल स्कूल काँठ में कक्षा-12 साइंस वर्ग में किंजल

**सेंट पांल्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार किया प्रदर्शन, अनुशासन और कड़ी मेहनत सफलता का राजः जितेंद्र बिश्नोई**

प्रजापति ने 96 प्रतिशत अंक, कला वर्ग में आफिया परवेज ने 96 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग में दक्ष ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का परचम लहराया। कक्षा-10 में लक्ष्य नैन ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।विद्यालय में कक्षा-12 में भव्या विश्नोई ने 92 प्रतिशत, खुशी ने 90 प्रतिशत, संजीव ने 88 प्रतिशत, कर्णिका विश्नोई ने 87 प्रतिशत तथा शुभ ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा-10 में सृष्टि विश्नोई ने 94 प्रतिशत, हर्षित और






आराध्या ने 92 प्रतिशत, मौ शारिक ने 90 प्रतिशत, मिष्ठी विश्नोई ने 89 प्रतिशत तथा वासु ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबन्धक जितेन्द्र विश्नोई तथा मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएँ दी।

# बिना सूचना दिए गायब डॉक्टरों का कटेगा वेतन,जीपीएस लोकेशन से हाजिरी लगानी होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों से अब डॉक्टर बिना सूचना गायब नहीं हो पाएंगे। केंद्र पर पहुंचने के बाद उन्हें जीपीएस लोकेशन से हाजिरी लगानी होगी। साथ ही अपर निदेशक मंडल की ओर से बनाए गए ग्रुप में लोकेशन शेयर करनी होगी।ऐसा न करने पर डॉक्टरों को गैरहाजिर मानते हुए वेतन में कटौती की जाएगी। इसका सख्ती से अनुपालन जाने के निर्देश दिए गए हैं'घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए थे। सीएमओ के अधीन चल रहे केंद्रों पर डॉक्टर व स्टाफ तैनात किया गया है।आरोप है कई केंद्रों पर डॉक्टर गैरहाजिर रहते हैं। बायोमेट्रिक हाजिरी का सिस्टम न होने का ये डॉक्टर फायदा उठाते हैं। अपर निदेशक मंडल निरीक्षण में कई डॉक्टर गायब मिले थे। इसके बाद उन्होंने जीपीएस लोकेशन शेयर करते हुए हाजिरी लगाने के निर्देश सभी केंद्र प्रभारी को दिए हैं। अपर निदेशक मंडल इसकी निगरानी भी कर रहे हैं। केंद्र से बिना सूचना दिए गैरहाजिर रहने वाले डॉक्टरों का वेतन भी काटा




जाएगा।सभी डॉक्टरों को जीपीएस लोकेशन ग्रुप पर शेयर करनी होगी। ऐसा न करने पर उन्हें गैरहाजिर मानकर वेतन की कटौती की जाएगी।

# पितृ दोष दिखा 40 लाख की ठगी करने वाले कांठ के तीन लोगों को कोटद्वार पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** दैवीय प्रकोप का डर दिखा कर एक महिला से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के कांठ थाना क्षेत्र के निवासी तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में चार आरोपित

**चार की तलाश में पुलिस दे रही है दबिश**

फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार बीती 20 अप्रैल को कोटद्वार निवासी जय प्रकाश निवासी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। बताया कि वर्ष 2022 में उनकी पत्नी के पास एक अनजान नंबर से फोन आया। दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने स्वयं को माता बताते हुए कहा कि वह उसके व उसके परिवार के बारे में सब जानती है। उन्होंने यह फोन काट दिया। इसके बाद भी लगातार फोन आते रहे और वह फोन काटते रहे। एक दिन फोन करने वाले ने उनकी पत्नी को माता रानी की कसम देते हुए कहा कि यदि उन्होंने उससे बात नहीं की तो उसके पूरे परिवार का सर्वनाश हो जाएगा। उन्होंने डर के कारण उससे बात कर ली।

इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उन्हें भगवान के नाम पर डराते हुए उनसे पैसे मांगने शुरू कर दिए।

इसके बाद उक्त व्यक्ति ने माता के दर्शन करवाने के नाम पर उन्हें व उनकी पत्नी को हरिद्वार बुलाया और हरिद्वार की एक धर्मशाला में एक स्त्री को माता रूप में दिखा उनसे 75 हजार की धनराशि ठग ली। इसके बाद उक्त व्यक्ति व उसके साथियों ने अलग-अलग तरीकों से उनसे 40 लाख से अधिक की धनराशि ठगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दिया। बताया कि मामले में जनपद मुरादाबाद के अंतर्गत कांठ थाना क्षेत्र निवासी बहादरपुर के अनिल, चैतराम व दिनेश जोशी को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। बताया कि मामले में मुरादाबाद जिले के ही ग्राम बहादरपुर निवासी अशोक जोशी, सोनू जोशी, राजीव शर्मा और स्मैलपुर निवासी राजकुमार फरार चल रहे हैं। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रहीं हैं।



# तेंदुए का शिकार हुए दलवीर के अंतिम संस्कार में पहुंचे सपा विधायक कमाल अख्तर, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** तेंदुए के हमले में घायल हुए नक्शनदाबाद के दलवीर की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा गम के माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। दलवीर पुत्र मुन्नू गन्ना खुदाई करने खेत पर गया था जहां बाजरे के खेत से निकलकर तेंदुए ने उस पर हमल कर दिया था' क्षेत्रीय विधायक सपा विधायक कमाल अख्तर अंतिम संस्कार में मृतक के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। और हर संभव शासन से मदद दिलाने का आश्वासन दिया।



# तेंदुए का शिकार हुए दलवीर की उपचार के दौरान हुई मौत, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र के गांव नक्संदाबाद में शुक्रवार को तेंदुए के हमले से घायल किसान दलवीर सिंह ने मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। किसान का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोह राम मच गया दुख व्यक्त करने के लिए सैकड़ो की भीड़ जमा हो गई ' गमगीन माहौल में आज उनका अंतिम संस्कार किया गया' नक्संदाबाद में किसान दलवीर सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में दो बेटी और दो बेटे हैं। शुक्रवार सुबह वह अपने खेत में काम करने गए थे। इस दौरान तेंदुए ने दलवीर पर हमला कर दिया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तभी से उनका उपचार चल रहा था। दलवीर सिंह के भाई नीशू कुमार ने बताया कि चिकित्सकों ने उनकी गर्दन का आपरेशन किया था। कल देर शाम अस्पताल में ही दलवीर सिंह (38) की मौत हो गई। तेंदुए के हमले से घायल दलवीर सिंह की मृत्यु की खबर सुनकर गांव में दुख की खबर दौड़ गई ' दुख व्यक्त करने के लिए हजारों लोग उनके निवास पर पहुंचे' मंगलवार को गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।



**बैठक**

**पानी की सप्लाई में अनियमिता बरतने वाले गेटमैन का स्थानांतरण करने के दिए निर्देश : धर्मपाल सिंह बिश्नोई**

# सिंचाई खंड की ग्रीष्मकालीन बैठक, किसानों की जरूरत को देखते हुए नेहरों में 30 जून तक लगातार पानी दिया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने मंगलवार को विभाग की हुई मासिक बैठक में कहा कि किसानो की जरूरत को देखते हुए नहरो में 30 जून तक लगातार पानी दिया जाएगा वह जिला कार्यालय पर विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर रहे थे इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली और उन्हें समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भोजपुर में शहीद राम प्रकाश सिंह महाविद्यालय शिवपुरी के पुल की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है' कोठी खिदमतपुर के पास माइनर पर भी पुल





बनाए जाने की सहमति हो गई है। नहर कटिंग कुलाबा आपाशी संबंधित समस्याओं को उन्होंने निराकरण करने के निर्देश दिए बताया कि 15 मई से कालागढ़ ड़ेम से चलने वाली नहरो को मानक अनुसार पानी देकर संचालित किया जाएगा। पानी की सप्लाई में अनीमियता बरतने वाले गेटमैन का स्थानांतरण कर दिए जाने के उन्होंने निर्देश दिए और कहा कि 30 मई से पहले ट्यूवेल क्षेत्र में पडने वाले सभी तालाब पोखर आदि को भर दिया जाए जिससे जंगली जीव जंतुओं को पानी की समस्या ना हो। चंद नलकूप उन्होंने यांत्रिक दोष एवं आधा दर्जन विद्युत दोष के कारण बंद बताएं जिन्हें एक सप्ताह में सुचारु कर दिए जाने के उन्होंने निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने की और संचालन अधिशासी अभियंता नीरज कुमार गुप्ता ने किया । बैठक में आशीष कुमार, आरपी सिंह, कुमारी पूजा, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार,कुलदीप सिंह, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिला जज की कोर्ट ने छह सट्टेबाजों की "जमानत अर्जी की खारिज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला जज की कोर्ट से छह सट्टेबाजों को झटका लगा है। उनकी जमानत अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इन्हें पुलिस ने आनलाइन आइपीएल मैचों पर सट्टा खिलवाने के आरोप में 12 अप्रैल को जेल भेजा था। इस मामले में फरार चल रहे 13 सट्टेबाजों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है। कई स्थानों पर दबिश दी है, लेकिन वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। वहीं सट्टेबाज अमित नागपाल की जमानत अर्जी पर अब 19 मई को सुनवाई होगी। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल की रात सिविल लाइंस पुलिस ने कौशल कपूर के आवास पर छापामारी करके सुशील चौधरी ठर्फ सुरेंद्र, अभिनव, कौशल कपूर, विपुल, मनोज अरोरा, धर्मेंद्र कुमार, रोहित गुप्ता, हेमंत कुमार, मुहम्मद शहजादे को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। इनके कब्जे से पुलिस ने पिस्टल, रिवाल्वर और मोबाइल बरामद किए थे।दो दिन बाद पुलिस ने साहिल गुप्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में अमित नागपाल, कमलदीप टंडन, राजदीप टंडन, मुकुल गोटेवाल, आशु रस्तोगी, विशाल डुडेजा, रचित रस्तोगी, सुमित उर्फ सन्नी सेठी, टीटू उर्फ दीपक गगनेजा, विक्की छावड़ा और कमल छावड़ा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद पुलिस ने प्रवीण सिंह और विक्की खन्ना का नाम भी अपनी प्राथमिकी में बढ़ा दिया था। इतना ही नहीं पुलिस लगातार इनके खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाने में लगी रही। इसी के चलते सट्टेबाजों के खिलाफ पुलिस ने दो बार धाराएं भी बढ़ाई। उधर सट्टेबाजों को लगातार कोर्ट से भी झटका लग रहा है सट्टेबाज साहिल गुप्ता, मुहम्मद शहजादे सलीम, विपुल, कौशल कपूर, सुशील चौधरी उर्फ सुरेंद्र, आशु रस्तोगी की जमानत अर्जी पर जिला जज की कोर्ट में सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान जिला जज की कोर्ट ने इन सभी सट्टेबाजों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। उधर फरार चल रहे सट्टेबाज अमित नागपाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई 19 मई को होगी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि छह सट्टेबाजों की जमानत अर्जी खारिज हुई है। फरार सट्टेबाजों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# घबराई और उलझी सी थीं अनन्या, कुछ ऐसी थी फिल्मी शुरूआत!



अनन्या पांडे बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने फिल्ममेकर करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी, यह फिल्म 10 मई 2019 को रिलीज हुई थी। अनन्या पिछले 6 साल से हिंदी सिनेमा पर राज कर रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने शुरूआत की थी, तब वह नर्वस थीं और खुद को लेकर असमंजस में थीं, लेकिन अब उन्हें कुछ नया आजमाने या जोखिम लेने से डर नहीं लगता।

अनन्या ने कहा, मैं जब शुरू कर रही थी, तब मेरी उम्र 19 साल थी। मैं बहुत घबराई हुई थी, सपनों से भरी हुई थी और खुद को पहचानने की कोशिश कर रही थी। मैं यह समझने की कोशिश कर रही थी कि मैं कौन हूं, अपने व्यक्तित्व और करियर को लेकर थोड़ी उलझन में थी।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, अब, मुझे लगता है कि मैं खुद के एक ऐसे रूप में ढाल चुकी हूं जो कोशिश करने से, गिरने से, फिर उठने से और लोगों को चौंकाने से नहीं डरती। मैं अब भी सीख रही हूं। खुद को लगातार बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं।उन्होंने कहा, मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है, लेकिन मुझे पता है कि मैं खुद को बेहतर बनाते रहना चाहती हूं और ऐसे किरदार चुनना चाहती हूं जो मुझे चुनौती दें, मेरे भीतर उत्साह और घबराहट का एहसास जगाएं।स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 का निर्देशन पुनीत मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म में अनन्या पांडे के अलावा टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया भी हैं। इन दोनों एक्टर्स ने भी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।यह फिल्म 2012 में आई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल है, जिसके जरिए आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था।स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के बाद वह पति पत्नी और वो, खाली पीली, गहराइयां, लाइगर, ड्रीम गर्ल 2, खो गए हम कहां, जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में कैमियो भी किया। फिल्मों के अलावा, उन्होंने सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी भी कर चुकी हैं।

# 10वें दिन और मजबूत हुई अजय देवगन की रेड 2, वीकएंड कमाई में आया उछाल

इस समय सिनेमाघरों में कई फिल्में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं लेकिन कुछ ही अच्छा कलेक्शन कर पा रही हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2 ने वीकएंड का फायदा उठाया और अच्छे-खासे पैसे बटोर लिए हैं। इसके अलावा थिएटर में इस वक्त 'केसरी 2 और साउथ इंडियन फिल्म 'हिट और 'रेट्रो भी मौजूद हैं। जानिए, इन सभी फिल्मों ने अब तक कितनी कमाई की है।




अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शनिवार को 'रेड 2इ ने 8 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं इस फिल्म की कुल कमाई 108.75 करोड़ रुपये हुई। शुक्रवार को ही यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। रविवार का भी फायदा इस फिल्म को मिल सकता है और इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी हो सकती है। 'रेड 2 को थिएटर में अभी तक 10 दिन हो चुके हैं। अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2 को इस समय सिनेमाघरों में 23 दिन हो चुके हैं। 23वें दिन यानी शनिवार को आकर इस फिल्म ने 1.15 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं इस फिल्म का कुल कलेक्शन 85.10 करोड़ रुपये है। इतने दिन बाद भी अक्षय कुमार की फिल्म 100 करोड़ रुपये का कलेक्शन नहीं कर पाई है। इस समय दो साउथ इंडियन फिल्में 'हिट और रेट्रो भी थिएटर में लगी हैं। इन फिल्मों को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। शनिवार को इन फिल्मों ने ठीक-ठाक कलेक्शन कर लिया है। एक्टर नानी की फिल्म 'हिट 3 ने 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और इसका कुल कलेक्शन 68.15 करोड़ रुपये हुआ है।

वहीं एक्टर सूर्या की फिल्म 'रेट्रो ने 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन शनिवार को किया। इसका कुल कलेक्शन अब तक 55.25 करोड़ रुपये हुआ है।

# डीप नेक ब्लू कट-आउट ड्रेस में कंगना शर्मा का बोल्ड अंदाज, ओटीटी पार्टी में बिखेरा जलवा

एक्ट्रेस कंगना शर्मा एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं. उन्होंने हाल ही में हंगामा ओटीटी की सक्सेस पार्टी में शिरकत की, जहां उनका डीप नेक ब्लू कट-आउट ड्रेस वाला बोल्ड लुक सबका ध्यान खींचता नजर आया. इस लुक में कंगना ने सिल्वर क्लच और स्टाइलिश ज्वेलरी के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया. कंगना ने इस बोल्ड अंदाज का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वो कैमरे के सामने कॉन्फिडेंस के साथ पोज देती दिख रही हैं. उनके लुक की खास बात थी उनकी डार्क ब्लू लिपस्टिक, जो पूरे आउटफिट के साथ



परफेक्टली मैच करती नजर आई. उनके इस ग्लैमरस अवतार को देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं और कमेंट बॉक्स में फायर और हार्ट इमोजी की बरसात हो रही है। इस पोस्ट पर अब तक हजारों लाइक्स आ चुके हैं और लगातार लोग उनकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं. किसी ने उन्हें बोल्ड ब्यूटी कहा तो किसी ने गॉर्जियस बताकर उनके फैशन सेंस की सराहना की। कंगना शर्मा इससे पहले भी कई बार अपने ड्रेसिंग सेंस और स्टाइलिश लुक्स को लेकर सुर्खियों में रह चुकी हैं. उनका ये लेटेस्ट अवतार यह साबित करता है कि वो हर इवेंट में अपने स्टाइल से चार चांद लगाना अच्छे से जानती हैं।

# क्या तरबूज में मिलावट है? इन 5 तरीकों से आसानी से लगाएं पता

गर्मियों के दौरान तरबूज का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ कई पोषक तत्व भी प्रदान करता है। हालांकि, आजकल बाजार में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है, जिससे शुद्धता का पता लगाना मुश्किल हो गया है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी आसान टिप्स देते हैं, जिनकी मदद से आप तरबूज में मिलावट है या नहीं, इसका



पता लगा सकते हैं।

**पानी में डालें**

तरबूज में मिलावट का पता लगाने के लिए इसे पानी में डालें। अगर तरबूज पानी में तैरने लगे तो समझ जाइए कि इसमें मिलावट है।

दरअसल, मिलावटी तरबूज की बनावट असली की तुलना में हल्की होती है, जिसके कारण ये पानी में तैरता है।

दूसरी ओर असली तरबूज अपनी भारी बनावट के कारण पानी में नहीं तैरता। इसलिए अगर तरबूज पानी में तैर जाए तो इसे खाने से बचें।

**बीजों पर दें ध्यान**

तरबूज के बीज भी इसकी शुद्धता का संकेत देते हैं।

अगर बीज सफेद और सपाट हैं तो समझ जाइए कि तरबूज असली है, लेकिन अगर बीज काले और कड़े हैं तो ये नकली है।

असली बीजों में कड़वाहट नहीं होती, जबकि नकली बीजों में यह समस्या होती है। इसलिए जब भी आप तरबूज खरीदने जाएं तो इस बात का खास ख्याल रखें ताकि आप मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से बच सकें।

**स्वाद से पहचानें**

तरबूज का स्वाद भी इसकी शुद्धता बताता है।

अगर तरबूज खाने पर मीठा और ताजा लगता है तो यह असली है, लेकिन अगर इसका स्वाद कड़वा या बेस्वाद है तो समझ जाइए कि इसमें मिलावट हो सकती है।

असली तरबूज हमेशा मीठा और ताजगी भरा होता है, जबकि नकली तरबूज का स्वाद ऐसा नहीं होता। इसलिए जब भी आप तरबूज खरीदें तो इसका स्वाद जरूर चखें ताकि आप मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से बच सकें।

**छिलका उतारकर देखें**

तरबूज के छिलके से भी इसकी शुद्धता का पता लगाया जा सकता है।

अगर छिलका मोटा और हरा है तो यह असली है, लेकिन अगर छिलका पतला और पीला है तो इसमें मिलावट हो सकती है।

असली छिलके हमेशा मोटे और हरे रंग के होते हैं, जबकि नकली छिलकों का रंग ऐसा नहीं होता। इसलिए जब भी आप तरबूज खरीदें तो इसका छिलका जरूर देखें ताकि आप मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से बच सकें।

**खरीदारी करते समय इन बातों का रखें ध्यान**

तरबूज खरीदते समय उसकी ताजगी और गुणवत्ता का ध्यान रखें।

बेहतर होगा कि आप बाजार से तरबूज खरीदने की बजाय उसे ऑनलाइन ऑर्डर करें क्योंकि इससे आपको शुद्ध और ताजा फल मिलेगा।

इसके अलावा स्थानीय बाजार से खरीदे गए तरबूज में मिलावट की संभावना कम होती है।

इन तरीकों से आप आसानी से तरबूज की शुद्धता का पता लगा सकते हैं और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से बच सकते हैं।

# ऐसे जानवर जिनका जीवनकाल होता है बेहद कम, कुछ दिनों तक ही रहते हैं जिंदा

ज्यादातर जानवरों का जीवनकाल मनुष्यों की तुलना में कम ही होता है। हालांकि, हर एक जानवर की जिंदा रहने की अवधि अलग-अलग होती है।

दुनियाभर में कई ऐसे जीव रहते हैं, जिनकी जिंदगी केवल कुछ दिनों लंबी ही होती है। आज के लेख में हम आपको ऐसे ही 4 जानवरों के बारे में बताएंगे।

साथ ही, हम उनकी कुछ खूबियों के बारे में भी बात करेंगे, जो उन्हें खास बना देती हैं।



**मेफ्लाई**

मेफ्लाई एक तरह के कीट होते हैं, जो किसी भी प्राणी की तुलना में सबसे कम जीवनकाल के लिए जाने जाते हैं। वे आम तौर पर केवल एक दिन तक जीवित रहती हैं।

दुनियाभर में पानी में रहने वाली मेफ्लाई की 3,000 से अधिक प्रजातियां हैं। एक वयस्क मेफ्लाई केवल संभोग और प्रजनन करने तक ही जीवित रहती है। मेफ्लाई का कुल जीवनकाल उसकी प्रजाति के आधार पर काफी अलग-अलग हो सकता है।

**गैस्ट्रोट्रिक्स**

गैस्ट्रोट्रिच बेलनाकार वाले सूक्ष्म जानवर होते हैं, जो मीठे पानी और समुद्री वातावरण में रहते हैं। इन्हें हेयरीबेलीज या हेयरीबैक्स के नाम से भी जाना जाता है।

एक अध्ययन में पाया गया था कि ये जानवर केवल 2 से 18हि दिनों तक जीवित रहते हैं। इनका औसतन जीवनकाल 10 दिन का ही होता है।

ये बैक्टीरिया और शैवाल खाते हैं और गैस्ट्रोट्रिक्स न हों तो इन जीवों की आबादी अनियंत्रित रूप से बढ़ सकती है।

**भारतीय भोजन पतंगे**

भारतीय भोजन पतंगे सबसे कम समय तक जीवित रहने वाले पतंगे होते हैं। इन्हें पैंट्री मॉथ या फ्लौर मॉथ के नाम से भी जाना जाता है।

आप सुनकर हैरान रह जाएंगे कि इस जानवर का जीवनकाल केवल 5 से 25 दिन लंबा ही होता है। ये रसोई में रखे जाने वाले मकई के आटे या अनाज को खा कर अपना पेट भरते हैं।

ये पतंगे अंटार्कटिका को छोड़कर हर महाद्वीप पर पाए जाते हैं।

**लूना मॉथ**


अपने खूबसूरत हरे पंखों के लिए प्रसिद्ध लूना मॉथ के शरीर पर चांद के आकार के निशान होते हैं। ये मॉथ औसतन सिर्फ एक हफ्ते तक जीवित ही रहते हैं।

7.6 से 11.4 सेंटीमीटर के चौड़े पंखों के साथ इन्हें जंगल में आसानी से देखा जा सकता है। लूना मॉथ चमगादड़ और उल्लू जैसे दूसरे पक्षियों का शिकार बनता है और उनका पेट भरता है। मादा लूना मॉथ अपने छोटे जीवनकाल में 200 से 400 अंडे देती हैं।

# तन्वी द ग्रेट में करण टैकर की एंट्री हुई, सामने आई पहली झलक

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म टन्वी द ग्रेट में अभिनेता करण टैकर अब भारतीय सेना के अधिकारी कैप्टन समर रैना की भूमिका निभातेनजर आएंगे। इस खास भूमिका की घोषणा खुद खेर ने टैकर के जन्मदिन के अवसर पर की। टैकर के पहले के काम–स्पेशल ऑप्सऔर खाकीः द बिहार चैप्टर–में उनके दमदार सैन्य और पुलिस किरदारों ने पहले ही दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान खींचा था।

अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर लिखा, जब मैंने नीरज पांडे की स्पेशल ऑप्स देखी, तो करण टैकर की उपस्थिति और अभिनय से बहुत प्रभावितहुआ। खाकीः द बिहार चैप्टर में भी वे उतने ही प्रभावशाली थे। करण में एक खासियत है–वो अपने अभिनय को सहज बनाते हैं, लेकिन साथ हीउसमें एक अनुभवी कलाकार की गंभीरता होती है। टन्वी द ग्रेट में उनका किरदार इन्हीं खूबियों की मांग करता था, और उन्होंने भारतीय सेना की वदीको गरिमा और शान के साथ निभाया है। करण टैकर के इस किरदार का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया है, जिसमें वे भारतीय सेना की वर्दी में, पहाड़ों की पृष्ठभूमि के बीच खड़े नजर आ रहेहैं। फिल्म में टैकर के साथ शुभांगी दत्त, जैकी श्रॉफ, इयान ग्लेन, अरविंद स्वामी,



बोमन ईरानी और पल्लवी जोशी भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण एनएफडीसी द्वारा किया जा रहा है और इसमें संगीत ऑस्कर विजेता एमएम कीरवाणी द्वारा दिया गया है। तन्वी द ग्रेट सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक भावनात्मक जर्नी है, जिसमें देशभक्ति, बलिदान और मानवीय संवेदनाएं गहराई से जुड़ी हैं। अनुपम खेरके निर्देशन में बनी यह फिल्म एक बार फिर यह साबित करती है कि जब अभिनय में सच्चाई और संवेदना हो, तो वो सीधे दिल तक पहुंचता है–जैसाकि करण टैकर अपने नए किरदार में करने जा रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों/राजस्व वसूली तथा कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलन्दशहर।** बैठक में जिलाधिकारी श्रुति द्वारा राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि आरसी की वसूली नियमित कराई जाए और अन्य विभागों द्वारा राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाए। बैठक में विभिन्न राजस्व धाराओं में दायर वादों के समय से निस्तारण किए जाने की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में निर्देशित किया गया कि पुराने वादों को मेरिट के आधार पर समय से निस्तारित करें। न्यायालय से जारी होने वाले आदेशों को रजिस्टर एवं ऑनलाइन दर्ज प्रतिदिन कराया जाए। अविवादित विरासत पोर्टल पर लम्बित न रहे।शासन की मंशा के अनुसार तहसील में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। साथ ही बैठक में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल व जनसूचना अधिकार 2005 से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए गए। और समस्त उप जिलाधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अधीनस्थों के साथ समय-समय पर बैठक करते रहे उसका कार्यवृत्त जनपद मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कहा कि (फॉर्मर रजिस्ट्री) किसानों की फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य को प्राथमिकता पर लेकर कराये, और गांव में किसानों को जागरूक करते हुए सीएससी के माध्यम से आईडी बनवाई जाए। किसानों को बताया जाए कि किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए फैमिली आईडी बनवाया जाना आवश्यक है। प्रतिदिन फैमिली आईडी बनाए जाने की मॉनिटरिंग करें। इस कार्य में राशन डीलर से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का जिलाधिकारी श्रुति ने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉक्टर प्रशांत कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ. विक्रम राव का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय के.विक्रम राव का आज यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान ( गॉड ऑफ ऑनर) के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे।

बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया।

इससे पूर्व पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए यू.पी. प्रेस क्लब में रखा गया, जहां उनकी पत्नी डॉ. सुधा राव, बेटी विनीता राव और छोटे बेटे विश्वदेव राव तथा बड़ी संख्या में समाजसेवी और पत्रकार मौजूद थे।यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह और यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने पत्रकार संगठनों की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके अलावा शोक व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी,केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद,मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला,मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना,नंद गोपाल नंदी ,नितिन अग्रवाल,ट्रेड यूनियन नेता उमाशंकर मिश्रा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान,पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल , समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक राजपाल कश्यप,उत्तर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित,उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू,अपना दल के प्रवक्ता संजीव सिंह राठौड़,एन.सी.पी. नेता सिराज मेंहदी,इंसराम अली,पत्रकार पुण्य प्रसून बाजपेई,हेमंत शर्मा आदि शामिल थे।

# विश्वविद्यालय परिसर में पेड़ों को मिला नया डिजिटल पहचानपत्र क्यूआर कोड से जानिए हर पेड़ की कहानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परिसर में अब हर पेड़ को मिलेगी एक खास डिजिटल पहचान। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर के सभी पेड़ों पर क्यूआर कोड (QR Code) लगाए हैं, जिससे विद्यार्थी , शिक्षक व आगंतुक अब हर पेड़ से जुड़ी जानकारी को अपने मोबाइल फोन से एक स्कैन में प्राप्त कर सकेंगे।यह नवाचार माननीय कुलगुरु प्रो. अजय तनेजा के कुशल मार्गदर्शन में प्रारंभ किया गया है। परियोजना का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, जैव विविधता की जानकारी बढ़ाना और विश्वविद्यालय परिसर की हरित धरोहर का डिजिटल दस्तावेजीकरण करना है।इस अभिनव पहल को डॉ. सुमन, डॉ दिगेश और डॉ. शालिनी जैसे समर्पित शिक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। डॉ. शालिनी ने विशेष रूप से पेड़ों की पहचान में अहम योगदान दिया। वहीं, शुभम रस्तोगी और नैंसी द्वारा भी सहयोग दिया गया। डॉ दिगेश ने तकनीकी समन्वय और डेटा डिजिटाइजेशन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस टीम ने पेड़ों की वैज्ञानिक जानकारी, प्रजाति, आयु, औषधीय गुण, स्थानीय नाम व पर्यावरणीय महत्व जैसी जानकारियों को एकत्र कर डिजिटल प्रारूप में तैयार किया, जिसे अब क्यूआर कोड स्कैन कर सरलता से देखा जा सकता है।

इस अवसर पर कुलगुरु, प्रो. अजय तनेजा ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा, "यह पहल छात्रों को प्रकृति से जोड़ने और डिजिटल तकनीक के सकारात्मक उपयोग की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। हमारा उद्देश्य एक हरित और स्मार्ट कैंपस का निर्माण करना है।"

# साक्षी शर्मा ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 में 95% अंक प्राप्त कर जिला किया टॉप


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** पैरामाउन्ट पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी शर्मा ने 2025 CBSE बोर्ड 12TH में 95% अंक



प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया। जिले में सब से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रदीप शर्मा की बेटी साक्षी की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ हैं सभी देश : दिलीप घोष



**कोलकाता (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद और पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी हमला हुआ तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। साथ ही भारत कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भी नहीं सहेगा। पीएम मोदी के संबोधन पर भाजपा नेता दिलीप घोष की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने मीडिया से बात करते हुए कहा, संघर्ष में अस्थायी विराम के कारण अलग-अलग लोगों की अलग-अलग टिप्पणियां और राय आईं, जिससे जनता में कुछ भ्रम पैदा हुआ। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी आगे आए और सभी को मामले को स्पष्ट रूप से समझाया। मेरा मानना है कि इसके बाद लोगों के बीच या देश के भीतर किसी भी तरह का भ्रम नहीं रहना चाहिए। भारत की लड़ाई जारी है और अभी इसे कुछ देर के लिए स्थगित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, "भारत ने पाकिस्तान को एक और मौका दिया है। पूरा विश्व चाह रहा है कि कोई युद्ध न हो और सभी ने अनुरोध किया, जिस वजह से इसे स्थगित किया गया है।"

'ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा, "भारतीय सेना ने एक शक्तिशाली और प्रभावी हमला किया है, जिसमें पाकिस्तान के कई एयरबेस नष्ट कर दिए गए हैं। इससे पहले, एक बड़े आतंकवादी ठिकाने को भी नष्ट कर दिया गया था। इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। भारत का पहलगाम हमले का बदला लेने का उद्देश्य पूरा हो गया है। अब, अगर पाकिस्तान से पूरी तरह से निपटना है, तो यह अवसर भी आएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को पूरी दुनिया का समर्थन प्राप्त है। इस लड़ाई में सभी देश भारत के साथ खड़े हैं।" राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। भारत की तीनों सेनाएं, हमारी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, भारत के अर्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद, अब 'ऑपरेशन सिंदूरइ आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। 'ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है, एक नया पैमाना, न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

## गरीब रोगियों का नि:शुल्क उपचार करके हमें बड़ा आत्मिक सुख मिलता है:डॉ आदर्श त्रिपाठी

# देश विदेश की धरती पर लखनऊ का नाम रोशन कर रहे हैं डॉ.आदर्श त्रिपाठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**लखनऊ।** शहर के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ आदर्श त्रिपाठी पिछले दो दशक से लगातार 2000 से अधिक निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैंप के माध्यम से लाखों जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त में इलाज के साथ-साथ निशुल्क दवा वितरित करते आ रहें हैं तथा पैथोलॉजी द्वारा जरूरत मरीजों की मुफ्त जांच भी कराते आ रहे हैं। अब तक डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी ने 300 से ज्यादा जटिल किडनी रोग से परेशान मरीजों की डायलिसिस भी अपने इलाज के द्वारा खत्म किया है। डॉ आदर्श त्रिपाठी के इस सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर उन्हें और डॉ रितु त्रिपाठी को जर्मनी के कोथेंन शहर में विश्व होम्योपैथिक दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया।विश्व होम्योपैथिक सम्मेलन जर्मन की धरती पर बर्नेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित किया गया जहां पर भारत की होम्योपैथिक चिकित्सा प्रतिभा का एक प्रशासनिया उदाहरण देखने को मिला यह ऐतिहासिक आयोजन बर्नेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में किया गया।जिसकी अगुवाई कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंधक निदेशक डॉक्टर नितेश दुबे ने की सम्मेलन में होम्योपैथिक के क्षेत्र में आधुनिक शोध अनुभव और वैश्विक सहयोग को एक मंच पर लाकर चिकित्सा जगत में एक नई मिसाल कायम की।इस सम्मेलन में भारत के 120 चुनिंदा होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भाग लेकर भारतीय चिकित्सा प्रणाली की वैश्विक साख को और अधिक मजबूत किया।इन विशेषज्ञों ने अपने शोध चिकित्सीय दृष्टिकोण और केस स्टडी को साझा किया जिससे विभिन्न देशों के विशेषज्ञों को भी लाभ हुआ। इस भव्य आयोजन में यूरोप,अमेरिका,एशिया और ऑस्ट्रेलिया के ख्याति प्राप्त शोधकर्ता प्रोफेसर और चिकित्सक भी शामिल हुए जिन्होंने होम्योपैथिक की आधुनिक दिशा और चुनौतियों पर गहन चर्चा की।सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण विश्व होम्योपैथ शिखर सम्मेलन 3 रहा जिसमें भारत के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी एवं डॉ रितु त्रिपाठी को ब्रिटेन के पूर्व क्रिकेटर कप्तान ईऑन मॉर्गन द्वारा उनके सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।जिससे भारत के चिकित्सा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा में और वृद्धि हुई जर्मन की एंबेसी और होम्योपैथी के जनक डॉक्टर हैनीमैन के परिवारजनों और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था डॉ आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के साथ-साथ हम लोगों ने डॉक्टर हैनीमैन की लाइब्रेरी क्लीनिक और म्यूजियम को भी देखा इस समारोह में 25 देश के डॉक्टर आए थे भारत से सिर्फ डॉक्टर त्रिपाठी दंपति को ही सम्मानित किया गया।डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी अब तक 6 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पा चुके हैं जिनमें मलेशिया दुबई थाईलैंड स्विट्जरलैंड पेरिस और अंडमान निकोबार के सम्मान प्रमुख हैं और आने वाले समय में डॉक्टर त्रिपाठी को जुलाई 2025 में श्रीलंका में होने वाले और जनवरी 2026 में लंदन में ब्रिटिश पार्लियामेंट अल्माटी कजाकिस्तान और वियतनाम में भी डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी को सम्मानित किया जाएगा। अप्रैल 2027 में डॉक्टर हैनीमैन की जयंती पर डॉक्टर त्रिपाठी को अमेरिका में सम्मानित किया जाएगा।डॉ आदर्श त्रिपाठी हर रविवार को अपने बालागंज क्षेत्र के कैमपल रोड पर स्थित क्लीनिक पर निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करते हैं और हुसैनाबाद स्थित अपने क्लीनिक पर हर शुक्रवार को निशुल्क मरीजों को इलाज के साथ दवा वितरित करते हैं।हमारे विशेष संवाददाता से बातचीत में डॉक्टर आदर्श ने बताया कि उनका मूल उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की ज्यादा से ज्यादा सेवा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से करना है डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी ने कहा कि हमें गरीब रोगियों के उपचार में आत्मिक सुख मिलता है।

# परीक्षा परिणाम देख खिके बच्चों' के चेहरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू के एंजिल्स पब्लिक इण्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के चेहरे उस समय चमक गये जब उइरए द्वारा मंगलवार को कक्षा 10 व कक्षा 12 के परीक्षाफल घोषित किये गये। विद्यालय का परीक्षा फल कक्षा 10 व कक्षा 12 में शत प्रतिशत रहा। कक्षा-10 में अक्षरा भारद्वाज ने 94.8% के साथ प्रथम, मौहम्द कैफ ने 91.8% के साथ द्वितीय व मयंक राघव ने 90.2% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा-12 मे दिया गंगल 90.2% के साथ प्रथम, राधिका 88.8% के साथ द्वितीय व विजेता 88.4% के साथ तृतीय स्थान पर रहे इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक धीरेन्द्र सिंह राघव, डा० निखिल राघव व शशि राधव. व योगेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बुद्ध पुर्णिमा पर एक किशोरी की गंगा में डुबकर मौत

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** नरौरा में बुद्ध पुर्णिमा पर गंगा स्नान करने गया किशोरी गंगा में डुबने से मौत हो गई कुमकुम उम्र 15 वर्ष पुत्री सतपाल निवासी गांव निवाड़ी खादर नरौरा गंगा पर स्नान अपने परिवारजनों के साथ गांधी घाट से करीब एक किलोमीटर नीचे डेढ़ मील की ठोकर पर गंगा स्नान कर रही थी गंगा स्नान करते समय कुमकुम गहरे जल में पहुंच गई स्थानीय गोताखोरों की कड़ी मकसद के बाद कुमकुम का शव गंगा नदी से बरामद कर लिया।

# फेडेक्स ने लखनऊ में छोटे एवं मझोले उद्यमों को बढ़ा सोचने और स्मार्ट शिपिंग करने के लिये सशक्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (FedEx) उत्तर भारत के उभरते शहरों में छोटे और मझोले उद्यमों (SMEs) को नवाचार के साथ आगे बढ़ने और वैश्विक बाजारों तक पहुँचने में मदद कर रही है। इसके लिए कंपनी ने SME Connect' नामक पहल की है, जो उभरते बिजनेस हब्स में विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक समाधान, डिजिटल टूल और रणनीतिक जानकारियाँ लेकर पहुँच रही है। फेडेक्स के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क - MEISA क्षेत्र) नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, जब एसएमई अपनी महत्वाकांक्षाएं तेजी से बढ़ा रहे हैं, तो हम भी स्मार्ट समाधानों, मजबूत ढांचे और गहरे जुड़ाव के साथ उसी रफ्तार में काम कर रहे हैं। SME Connect' के जरिए हम सिर्फ पार्सल नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि उद्यमों की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर उड़ान भरने का अवसर दे रहे हैं।

वर्ष 2019 में शुरू हुई एसएमई कनेक्ट पहल अब एक जानकारी साझा करने वाले मंच से आगे बढ़कर एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन गई है। वित्तीय वर्ष 25 में, फेडेक्स ने इस कार्यक्रम को और ज्यादा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से जुड़ा बनाने के लिए संपर्क, अनुभव और मंत्रा जैसे नए प्रारूप शुरू किए हैं। ये प्रारूप व्यापार की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और डिजिटल युग में उन्हें वैश्विक अवसरों से जोड़ते हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति ने गौवंश आश्रय स्थलो के संचालन सम्बन्धी समीक्षा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम खाँन)।** बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने पशुओं का नियमित टीकाकरण, गौवंशो को गौशालाओं में गर्मी से बचाव हेतु समस्त गौ आश्रय स्थलो पर टीन सैड की पूर्ण व्यवस्था व गौवंशो हेतु प्रयाप्त मात्रा में भूसे के साथ-साथ हरे चारे की व्यवस्था के साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने सड़को व खेतो में निराश्रित गौवंश न दिखाई दे, अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशो को पकड़ने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## सफलता | कक्षा 10वीं में आतिका दानिश ने 97.2% अंक अर्जित कर बनी गुलावठी टॉपर

# लारेंस एकेडमी की छात्रा तनिष्का अग्रवाल ने कक्षा 12 में 97.4% अंक प्राप्त कर किया गुलावठी टॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10व 12वीं बोर्ड का परिणाम आज दोपहर एक बजे घोषित किया गया। नगर के लारेंस एकेडमी स्कूल की कक्षा12वीं की छात्रा तनिष्का अग्रवाल ने 97.4% अंक प्राप्त कर गुलावठी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

> लॉरेंस एकेडमी की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की

कक्षा 10वीं में आतिका दानिश ने 97.2% अंक अर्जित कर गुलावठी टॉप किया। इस अवसर पर लारेंस एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर शोएब मेवाती ने कहा कि इन दोनो छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है और अपने अभूतपूर्व प्रदर्शन से एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। इन दोनों छात्राओं की सफलता के पीछे केवल उनका परिश्रम ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का सहयोग, शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यालय का शिक्षण स्तर भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में रहा है।









लॉरेंस एकेडमी की प्रधानाचार्य सतपाल कौर ने तनिष्का अग्रवाल और आतिका दानिश को हार्दिक बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं दी ओर कहा कि आप दोनों ने यह साबित कर दिखाया कि बेटियां किसी से कम नहीं! आपकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है।

# प्रांतीय आह्वान सहकारी ग्राम विकास बैंक कांठ में नहीं मनाया गया "काला दिवस "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के कर्मचारियों में अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं मिलने से आक्रोश हैं। वेतन भुगतान को ऋण वसूली व्यवसाय से जोड़ने के प्रस्ताव के विरोध में बैंककर्मियों ने सभी शाखाओं में 13 मई को काला दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन स्थानीय शाखा पर ना विरोध हुआ और ना काला दिवस मनाया गया'उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मो. आसिफ जमाल के मुताबिक 13 मई को बैंक की सभी 323 शाखाओं में कर्मचारियों द्वारा काला दिवस मनाया मनाए जाने का आह्वान किया था' बताया गया था कि कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। 500 से अधिक कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें पिछले चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। प्रांतीय आह्वान के बाद भी कांठ शाखा में ना तो विरोध हुआ और न काला दिवस मनाया गया जो चर्चा का विषय बना हुआ है ।

> बताया गया था कि कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267